**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
लखनऊ से प्रकाशित
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 14 अंक: 34 लखनऊ, शनिवार 14 सितंबर 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## राजनाथ सिंह ने वैश्विक रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए तरंग शक्ति अभ्यास की जमकर तारीफ की

, t l hA



दिल्ली सिंह ने कहा, तरंग शक्ति के माध्यम से, भारत ने न केवल साझेदार देशों के साथ अपने रक्षा संबंधों को मजबूत किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि हम जरूरत के समय एक साथ खड़े हैं। यह अभ्यास आपसी सह–अस्तित्व और सहयोग में हमारे विश्वास को दर्शाता है। बहुराष्ट्रीय अभ्यास श्तरंग शक्तिश का आयोगन किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को साझेदार देशों के बीच सहयोग, समन्वय और विश्वास बढ़ाने के लिए बहुराष्ट्रीय अभ्यास श्तरंग शक्तिश की प्रशंसा की। विशिष्ट आगंतुक दिवस कार्यक्रम में बोलते हुए, सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि यह अभ्यास रक्षा संबंधों को मजबूत करने और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।भारत ने रक्षा संबंधों को मजबूत किया सिंह ने कहा, ष्तरंग शक्ति के माध्यम से, भारत ने न केवल साझेदार देशों के साथ अपने रक्षा संबंधों को मजबूत किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि हम जरूरत के समय एक साथ खड़े हैं। यह अभ्यास आपसी सह–अस्तित्व और सहयोग में हमारे विश्वास को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि जब विभिन्न पृष्ठभूमि और अनुभवों वाले सैनिक इस तरह के जटिल और बड़े पैमाने के अभ्यासों में एक साथ आते हैं, तो मूल्यवान सीख मिलती है। उन्होंने कहा, षविभिन्न कार्य संस्कृतियाँ, हवाई युद्ध के अनुभव और युद्ध–लड़ाई के सिद्धांत ज्ञान और कौशल के समृद्ध आदान–प्रदान में योगदान करते हैं।रक्षा मंत्री ने स्वतंत्रता के बाद से भारतीय वायुसेना में आए बदलाव पर प्रकाश डाला, जिसमें केवल छह स्क्वाड्रन और सीमित उपकरण थे, जो अब दुनिया के कुछ सबसे उन्नत विमान और अगली पीढ़ी के उपकरण रखने वाले बन गए हैं। उन्होंने कहा, ष्आज, भारतीय वायुसेना सबसे अच्छे और आधुनिक विमानों से सुसज्जित है,

## सीएम योगी बोले आने वाले पांच सालों में यूपी में खत्म हो जाएगी डाक्टरों की कमी, बनेंगे कई नए मेडिकल कालेज

संवाददाता।

लखनऊ पांच वर्ष पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से ग्रस्त था। वहां 15 जुलाई से 15 नवंबर के बीच 1200 से 1500 मौतें होती थीं। अकेले गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 700 मौतें होती थीं। यह क्रम पिछले 40 वर्ष से चल रहा था। इस दौरान 50 हजार बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन पिछली सरकारों का इससे कोई लेना–देना नहीं था। जब इसे रोकने के लिए सुविधा देनी होती थी तो वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते थे। यह सिस्टम की नाकामी थी। मैंने सांसद रहते हुए सड़क से लेकर सदन तक मुद्दा उठाया, जिसके बाद काम शुरू हुआ। यह बात यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। सीएम शुक्रवार को डॉ.



राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफेसेलाइटिस पर लगाम लगाने के लिए गोरखपुर को एम्स दिया। वहीं 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर इसे खत्म करने की जिम्मेदारी मेरी हो गयी। इस पर काम शुरू किया गया और वर्ष 2019 में इस पर नियंत्रण पा लिया गया। उसी का परिणाम है कि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से मुक्त हुआ है। आज यहां पर मौत जीरो हो गयी हैं। यह दृढ़ संकल्प और आप सभी के सहयोग से हो पाया है, जबकि इसके खात्मे के बारे में पहले कोई सोच नहीं सकता था।सीएम योगी ने वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन और नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जेआर को मेडल–सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। अगले पांच वर्ष में खत्म हो जाएगी डॉक्टरों की कमीमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस को लेकर इस बार भी दो बार सर्वे कराया गया, जिसमें सामने आया कि एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है। आज पूर्वी उत्तर प्रदेश खुशहाल है। यह सब बेहतर समन्वय और संवाद से हो पाया। आज इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, लेकिन अफसोस है कि अब तक इस पर कोई स्टडी पेपर नहीं लिखा गया, जबकि यह सफलता का मॉडल है।

## कांग्रेस में बढ़त रही बगावत के कारण क्या बागी अबकी बार भी हाथ में नहीं आने देंगे सत्ता?

, t l hA

नई दिल्ली कांग्रेस के हाथ में हरियाणा की सत्ध्ता आएगी या नहीं? इसका जवाब 5 अक्ध्टूबर को मतदान और 8 को मतगणना के बाद ही मिल सकेगा। फिलहाल कांग्रेस अपने उम्ध्मीदवारों की सूची जारी करने में जुटी है। फिलहाल पार्टी ने हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों में से 41 पर उम्ध्मीदवार घोषित कर दिए हैं। विधानसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस के हाथ में हरियाणा की सत्ध्ता आएगी या नहीं? इसका जवाब 5 अक्ध्टूबर को मतदान और 8 को मतगणना के बाद ही मिल सकेगा। फिलहाल कांग्रेस अपने उम्ध्मीदवारों की सूची जारी करने में जुटी है। फिलहाल पार्टी ने हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों में से 41 पर उम्ध्मीदवार घोषित कर दिए हैं। शेष 49 सीटों के प्रत्ध्याशियों का ऐलान भी होने ही वाला है। हरियाणा में कांग्रेस उम्ध्मीदवारों के 41 नाम घोषित होते ही भगदड़ मच गई। कई नेताओं ने हाथ का साथ छोड़ दिया और दूसरी पार्टी में चले गए। कांग्रेस में बगावत बढ़ती गई तो दस साल बाद हरियाणा की सत्ध्ता में वापसी का ख्ध्वाब




अबकी बार भी अधूरा ही रह जाएगा। कांग्रेस नेताओं के बीच गुटबाजी से हरियाणा महासंग्राम 2024 में इनकार नहीं किया जा सकता। सिरसा से सांसद, बड़ा दलित चेहरा और कांग्रेस महासचिव शैलजा कुमारी और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का सियासी टकराव तो खुलकर सामने आ चुका है। शैलजा कुमारी ने सीएम पद की दावेदारी ठोक दी है जबकि भूपेंद्र सिंह हुड्डा पार्टी प्रत्ध्याशी तय करने में अपनी चला रहे हैं। आम आदमी पार्टी से गठबंधन नहीं होता देख कांग्रेस ने 6 सितंबर 2024 की रात को 32 उम्ध्मीदवारों की दो सूची जारी की है। जिसमें 28 मौजूदा विधायकों पर भी दांव लगाया गया। कांग्रेस उम्ध्मीदवारों की पहली सूची में कुमारी शैलजा से ज्ध्यादा भूपेंद्र सिंह हुड्डा की चली है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 28 और कुमारी शैलजा गुट के 4 नेताओं को ही टिकट गया है। कुमारी शैलजा ने न्यूज18 इंडिया को दिए एक इंटरव्ध्यू में भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा और कहा कि वे अपने घर में तय करें कि मुख्ध्यमंत्री कौन होगा? इंटरव्ध्यू में शैलजा ने खुद को सीएम पद की दावेदार बताया। इससे पहले चुनाव प्रचार के दौरान शैलजा ने यहां तक दिया था कि वे जहां भी जाती हैं। कार्यकर्ता उन्ध्हें सीएम कहकर बुलाते हैं।

## चिकित्सकों की हड़ताल के दौरान इलाज के अभाव में मरे 29 लोगों के परिजनों को दो–दो लाख देंगे ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की कि राज्य सरकार उन 29 लोगों के परिवारों को दो–दो लाख रुपये का मुआवजा देगी, जिनकी आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से कथित तौर पर इलाज के अभाव में मौत हो गई। उन्होंने लिखा, ''दुर्भाग्यपूर्ण है कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा लंबे समय से जारी हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान पैदा हुआ। कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की कि राज्य सरकार उन 29 लोगों के परिवारों को दो–दो लाख रुपये का मुआवजा देगी, जिनकी आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से कथित तौर पर इलाज के अभाव में मौत हो गई। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' जारी पोस्ट में लिखा, ''यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा लंबे समय से जारी हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान पैदा हुआ औरहमने 29 बहुमूल्य जिंदगियां खो दीं।''उन्होंने कहा, ''शोक संतप्त परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार प्रत्येक मृतक के परिवार को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा करती है।'' कनिष्ठ चिकित्सक नौ अगस्त को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक महिला चिकित्सक का शव मिलने के बाद से 'काम बंद' आंदोलन कर रहे हैं। महिला चिकित्सक से कथित तौर बलात्कार करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी।

## भूपेंद्र सरकार के दमदार 3 साल, जी–20 बैठकें और वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का किया सफल आयोजन

, t l hA

गांधीनगर । मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के समक्ष ऐसी शिकायतें आईं थीं कि गैर–कृषि की अनुमति के दौरान मूल किसान खातेदार की जांच के मामलों में अभिलेखों की अनुपलब्धता और गैर–कृषि की मंजूरी देने के मामलों में विलंब के कारण किसानों और आवेदकों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गांधीनगर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य में कृषि भूमि की बिक्री के मामलों के लिए डिजिटलीकरण और पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया को गति देने वाले महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के सुशासन के सफल तीन वर्ष पूर्ण कर चौथे वर्ष में प्रवेश के पहले ही दिन राज्य के किसानों के व्यापक हित में किए गए इन कल्याणकारी निर्णयों के परिणामस्वरूप ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और अधिक लोकोपयोगी बनाया जा सकेगा। राज्य में कृषि भूमि की बिक्री के मामलों में स्वामित्व विलेख में बिक्री–नोट की प्रविष्टि करते समय भूमि खरीदने वाले किसान खातेदार से उसके 1951–52 से किसान होने का प्रमाण पत्र लेने की प्रथा है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के समक्ष ऐसी शिकायतें आईं थीं कि गैर–कृषि की अनुमति के दौरान मूल किसान खातेदार की जांच के मामलों में अभिलेखों की अनुपलब्धता और गैर–कृ




षि की मंजूरी देने के मामलों में विलंब के कारण किसानों और आवेदकों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। राज्य सरकार के ध्यान में यह बात आई है कि 1951–52 से गैर–कृषि भूमि की अनुमति देने के दौरान जब मूलतः किसान होने के साक्ष्य–प्रमाण मांगे जाते हैं, तो जिला विस्तार तथा बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं आदि के कारण साक्ष्य अनुपलब्ध होते हैं। ऐसे में, पुरानी पीढ़ियों और वर्तमान में खरीदी करने वालों के लिए साक्ष्य प्रस्तुत करना मुश्किल हो जाता है। इसके कारण बिक्री पंजीकरण और गैर–कृषि आवेदनों के मामले किसान होने के सत्यापन के मुद्दे को लेकर या तो लंबित रहते हैं या नामंजूर कर दिए जाते हैं।

इसके परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री ने मूल किसान के सत्यापन के संबंध में अभिलेख की अनुपलब्धता के कारण बिक्री–नोट और गैर–कृषि मंजूरियों के मामलों को सरल बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। जिसके अनुसार, कृषि भूमि के बिक्री नोट को प्रमाणित करने संबंधी निर्णय में किसान सत्यापन के संदर्भ में 6 अप्रैल, 1995 के बाद के अभिलेख पर ही विचार किया जाएगा। इतना ही नहीं, ऐसा सत्यापन करने के दौरान 6 अप्रैल, 1995 से पहले किसी भी भूमि के मामले में आवेदक के पास भूमि का स्वामित्व किस प्रकार का था, इसका सत्यापन कृषि भूमि के बाद के विक्रय–नोट को मंजूरी देने के चरण में लागू नहीं होगा। सक्षम राजस्व प्राधिकारी किसान होने संबंधी उपलब्ध ऑनलाइन अभिलेखों की जांच कर किसान के सत्यापन के लिए नोट को प्रमाणित करने का निर्णय लेगा। बिक्री नोट प्रमाणित करने संबंधी निर्णय लेते समय किसान सत्यापन प्रमाण पत्र पर जोर नहीं दिया जाएगा।

हालांकि, ऐसी कृषि भूमि के स्वामित्व विलेख में बिक्री नोट की प्रविष्टि करते समय किसान खातेदार को एक निर्धारित प्रारूप में यह शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह स्वयं किसान खातेदार है। मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण निर्णय यह भी किया है कि जो भूमि मूल रूप से पुरानी शर्त की हो, खेती के उद्देश्य से शर्त परिवर्तित की गई हो तथा गैर–कृषि के लिए प्रीमियम के पात्र हो, ऐसी भूमि के लिए गैर–कृषि का आवेदन आने पर केवल किसान सत्यापन के उद्देश्य से 6 अप्रैल, 1995 के बाद के अभिलेख पर ही विचार किया जाएगा। ऐसी अनुमति प्रदान करते समय कलेक्टरों को कब्जेदारों से इस प्रकार का एक शपथ पत्र लेना होगा– "यह आवेदन केवल गैर–कृषि अनुमति के लिए है, और इस अनुमति से स्वामित्व, टाइटल या अन्य किसी मामले में विसंगति होने पर कानूनी कार्रवाई करने में सक्षम होंगे।" गैर–कृषि अनुमति से संबंधित अन्य प्रावधान यथावत रहेंगे तथा सक्षम प्राधिकारियों द्वारा उन्हें सख्ती से लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्णय किया है कि वर्तमान में जिन मामलों में किसान खातेदार के दर्जे को लेकर कोई मुकदमा या जांच लंबित है, उन मामलों में यह प्रावधान लागू नहीं होंगे। राज्य के राजस्व विभाग ने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के इन महत्वपूर्ण निर्णयों को लेकर प्रस्ताव जारी किए हैं।

## जेल से बाहर आकर हौसला 100 गुणा बढ़ गया, तिहाड़ के बाहर से बोले केजरीवाल- शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए समर्पित

, t l hA

दिल्ली केजरीवाल ने कहा कि मेरे जिंदगी का एक एक कण और शरीर का एक–एक कतरा देश के लिए समर्पित है। मैंने जिंदगी में बहुत संघर्ष किया है। बहुत मुसीबतें झेली हैं। लेकिन हर कदम पर भगवान ने मेरा साथ दिया है। ऊपर वाले ने मेरा साथ दिया क्योंकि मैं सच्चा था। इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया। इन लोगों को लगा कि केजरीवाल को जेल में डालने से हौसले टूट जाएंगे। आज मैं कहना चाहता हूं कि जेल से बाहर आकर हौसला 100 गुणा बढ़ गया। तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद अरविंद केजरीवाल ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। इसके बाद तिहाड़ जेल के बाहर से लोगों को संबोधित करते हुए लाखों करोड़ों लोगों




का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे में लोगों ने मन्नतें मांगी और दुआएं की। केजरीवाल ने कहा कि मेरे जिंदगी का एक एक कण और शरीर का एक–एक कतरा देश के लिए समर्पित है। मैंने जिंदगी में बहुत संघर्ष किया है। बहुत मुसीबतें झेली हैं। लेकिन हर कदम पर भगवान ने मेरा साथ दिया है। ऊपर वाले ने मेरा साथ दिया क्योंकि मैं सच्चा था। इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया। इन लोगों को लगा कि केजरीवाल को जेल में डालने से हौसले टूट जाएंगे। आज मैं कहना चाहता हूं कि जेल से बाहर आकर हौसला 100 गुणा बढ़ गया। जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जेल की सलाखें केजरीवाल के हौसले को कमजोर नहीं कर सकती। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि आज तक ऊपर वाले ने मुझे रास्ता दिखाया। ऐसे ही भगवान रास्ता दिखाते रहे। मैं देश की सेवा करता रहूं। राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ लड़ता रहा हूं आगे भी लड़ता रहूंगा।

## श्री राम के आगमन से ज्यादा महत्वपूर्ण है तिहाड़ से केजरीवाल का आना? पटाखों पर बैन लगाने वाली आप ने इस अंदाज में खुलकर मनाया जश्न

एजेंसी।

दिल्ली केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने उन्हें तोड़ने की कोशिश की लेकिन वह 100 गुना ज्यादा मजबूत होकर उभरे हैं। केजरीवाल की रिहाई के बाद आप में जश्न का माहौल देखने को मिला। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई और मिठाइयां बांटी।राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा बेल बॉन्ड स्वीकार करने और रिहाई का वारंट जारी करने के बाद अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। मनीष सिसोदिया, भगवंत मान, संजय सिंह जैसे पार्टी के कई नेताओं सहित समर्थकों और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ ने केजरीवाल का स्वागत किया। रिहा होने के बाद वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों के बीच समर्थकों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने उन्हें तोड़ने की कोशिश की लेकिन वह 100 गुना ज्यादा मजबूत होकर उभरे हैं। केजरीवाल की रिहाई के बाद आप में जश्न का माहौल देखने को मिला। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई और मिठाइयां बांटी। आपको याद होगा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने अभी दो दिन पहले ही र्दीके मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों के उत्पादन, बिक्री तथा उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया था। पर्यावरण मंत्री




गोपाल राय ने एक बयान जारी करते हुए कहा था कि वायु प्रदूषण में मौसमी वृद्धि को कम करने के लिए प्रतिबंध आवश्यक है। प्रदूषण पटाखों के कारण और भी बदतर हो जाता है। दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने का खतरा है। इस समय पटाखे जलाने से प्रदूषण और बढ़ जाता है। गौरतलब है कि दिवाली का त्यौहार श्री राम के 14 बरस का वनवास समाप्त कर अयोध्या लौटने के अवसर पर मनाया जाता है। आप के कई नेता और कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए और पार्टी सुप्रीमो की रिहाई का जश्न मनाने के लिए उन्होंने मिठाइयां बांटी और पटाखे जलाए। इस बीच, मुख्यमंत्री आवास के बाहर केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटी। वहीं, आप समर्थकों ने आ गए भाई आ गए केजरीवाल आ गए और जेल के ताले टूट गए केजरीवाल छूट गए जैसे नारे लगाए।

## भ्रष्टाचार से लेकर तुष्टीकरण तक... चुनावों से पहले हेमंत सरकार इन मुद्दों से कैसे पार पाएगी

एजेंसी।

झारखंड हेमंत सोरेन की सरकार की ईमानदारी पर लगातार सवाल उठ रहे है। भ्रष्टाचार और विभाजनकारी नीतियों की दोहरी चुनौतियों के बीच हेमंत सोरेन सरकार जूझ रही है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए पार्टी का पारंपरिक वोट बैंक भी खत्म होने की संभावना बनी हुई है। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए तैयारियां जारी है। इन चुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा मुकाबला होगा। राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते जा रहे है। राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति के आरोप भी झेल रही है। ये ऐसे मुद्दे हैं जिनके कारण पार्टी की राजनीतिक स्थिति खराब हो सकती है। साथ ही ये चुनावी नतीजों को प्रभावित भी कर सकते हैं।हेमंत सोरेन की सरकार की ईमानदारी पर लगातार सवाल उठ रहे है। भ्रष्टाचार और विभाजनकारी नीतियों की दोहरी चुनौतियों के बीच हेमंत सोरेन सरकार जूझ रही है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए पार्टी का पारंपरिक वोट बैंक भी खत्म होने की संभावना बनी हुई है। आदिवासी समुदायों पर इस परिस्थिति का काफी असर दिख रहा है। आदिवासी इलाका मूल रूप से जेएमएम का निर्वाचन क्षेत्र रहा है। हेमंत सोरेन सरकार की सबसे बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार रही है, जो अब सभी के सामने आ गई है। इसी आरोप में हेमंत सोरेन पर गाज भी गिरी है। राज्य सरकार पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे है। भूमि घोटाला मालमे में सरकार पर कई आरोप लगाए गए है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाल ही में जेल भेजा गया है। वहीं अवैध भूमि सौदों में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा चल रही जांच ने धोखाधड़ी का खुलासा किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी जांच में अवैध भूमि सौदों में धोखाधड़ी की बात कही है। प्रवर्तन निदेशालय के इस दावे और कार्रवाई के बाद जेएमएम की छवि को बड़ा घात लगा है।झारखंड में भूमि का स्वामित्व और संसाधन प्रबंधन संवेदनशील मुद्दा माना जाता है।

# उपभोक्ताओं से वर्चुअल संवाद कर मौके पर समस्याओं का कराया समाधान

लखनऊ। उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान करायें, किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। विद्युत संयोजन देने में हीला–हवाली करना या नियमों की अनदेखी करना अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी उपभोक्ताओं को समय से विद्युत कनेक्शन निर्गत किया जाए। विद्युतीकरण के दौरान विद्युत पोल की ग्राउंटिंग ठीक से कराई जाए, जहां कहीं पर भी विद्युत लोड ज्यादा हो, ऐसे फीडर और ट्रांसफार्मर को चिन्हित करके वहां लोड बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। किसानों के लिए पृथक फीडर के लोड की भी जांच कराये, जिससे कि सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति बाधा न बने। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा शुक्रवार को शक्ति भवन में 'सम्भव' के तहत वर्चुअल जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता से सीधे संवाद कर तथा समस्या के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद मौके पर ही विभिन्न जनपदों से आई गंभीर समस्याओं का निस्तारण कराया। उन्होंने संयोजन न देने, ओवरलोडिंग, विद्युतीकरण कराने, संयोजन के स्थाई विच्छेदन, विद्युत पोल हटाने, विद्युत दुर्घटना में मुआवजा दिलाने, अनाधिकृत संयोजन, विद्युत मीटर न लगाने जैसी आदि गंभीर समस्याओं का समाधान कराया। उन्होंने विद्युत कर्मियों को सख्त हिदायत दी कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में लापरवाही ठीक नहीं है। समस्याओं का समय से समाधान कराया जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वह अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं को विभाग के टोल फ्री नंबर 1912 पर अवश्य दर्ज करायें, जिससे समस्याओं का समय से फीडबैक लिया जा सके।

जनसुनवाई में ऊर्जा मंत्री ने आजमगढ़ निवासी किरनलता के पृथक परिसर में विद्युत संयोजन निर्गत करने तथा उसके ससुर सूर्यबली के परिसर में बकाया 1,16,699 रूपये की वसूली सूर्यबली से करने के भी मुख्य अभियंता आजमगढ़ को सख्त निर्देश दिए। आजमगढ़ निवासी दिलीप सिंह चौहान के गांव ओझौली में 100 केवीए ट्रांसफार्मर के बार–बार जलने पर उन्होंने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने के लिए अधीक्षण अभियंता आजमगढ़ को निर्देश दिए। इस 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में वर्तमान में 150 केवीए का लोड है। आजमगढ़ के कुरियांवा निवासी विवेक सिंह के गांव में विद्युतीकरण न होने के 10 वर्ष पुराने मामले का समाधान हुआ। आजमगढ़ के उदैना निवासी रामप्रीत निषाद के यहां निजी नलकूप का स्थाई विच्छेदन के साथ ही संयोजन पर बकाया 1,48,366 रुपए की वसूली का भी निर्देश दिया।

इसी प्रकार लखनऊ में विनयखण्ड निवासी जयनती देवी के परिसर पर संयोजन हेतु प्राक्कलन राशि छः माह पूर्व जमा करने के बाद भी, स्टीमेट के अनुरूप विद्युत लाइन न बनाकर तथा बिना परिवर्तक एवं मीटर लगाये संयोजन निर्गत करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए ऊर्जा मंत्री ने सख्त हिदायत दी कि स्टोर में 25 केवीए का पर्याप्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध रहे, जिससे कि उपभोक्ताओं को समय पर विद्युत कनेक्शन मिल सके। उन्होंने मुख्य अभियंता गोमतीनगर को निर्देशित किया कि उपभोक्ता के परिसर पर तत्काल मीटर और परिवर्तक लगाकर संयोजन निर्गत करें। लखनऊ के पार्श्वनाथ सिटी निवासी अजय शर्मा के 400 फ्लैट की कालोनी में विद्युतीकरण के लिए तत्काल स्टीमेट बनाकर नियमानुसार विद्युत संयोजन देने के निर्देश एमडी मध्यांचल को दिये। लखनऊ के काकोरी निवासी शिवम के प्लाट में विद्युत पोल लगने से भवन निर्माण न होने की शिकायत को समाधान कराया।

हमीरपुर के बसवारी निवासी विश्वनाथ के भैंस की अगस्त, 2020 में करंट लगने से मृत्यु होने पर विभाग द्वारा मुआवजा न देने का समाधान कराया और मुख्य अभियंता बांदा को निर्देशित किया कि इस मामले में संबंधित कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें, संविदाकर्मी हो तो पोर्टल में भी ब्लैक लिस्ट करें। अलीगंज के नगला डमबर निवासी राजेश कुमार के निजी नलकूप में अन्य संयोजन निर्गत होने का समाधान कराया गया। कानपुर के अशोक नगर निवासी अजय सिंह के परिसर पर 113 साल पुराने अंग्रेजो के जमाने का विद्युत बिल बकाया दर्शाने और नया कनेक्शन न देने के मामले पर एमडी केस्को को 02 दिन के अंदर समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। कानपुर नगर के देना बैंक कालोनी निवासी आनेंद्र सिंह के परिसर में दूसरे के नाम से विद्युत कनेक्शन देने पर ऊर्जा मंत्री ने सख्त हिदायत दी। प्रापर्टी और मकान के विवाद में कहीं पर भी विद्युत कनेक्शन न निर्गत किया जाए। कानपुर नगर के प्रतापपुरहरी निवासी महेश चंद्र के मकान के अगल–बगल के मकानों में विद्युत संयोजन होने तथा प्रार्थी को विद्युत संयोजन न देने के मामले को लेकर ऊर्जा मंत्री ने एमडी केस्को को मौके पर जाकर स्वयं निरीक्षण करने और उपभोक्ता को नियमानुसार विद्युत कनेक्शन देने के निर्देश दिये। अमरोहा के जोया निवासी मो0 शाहरूख के घर के सामने नया पोल लगाकर ग्राउटिंग न करने से पोल के झुकने के मामले में संबंधित जेई को सस्पेंड करने तथा ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने तथा अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये और सख्त हिदायत दी कि सभी विद्युत कार्मिक विद्युतीकरण के दौरान विद्युत पोल की ठीक से ग्राउंटिंग कराये, जिससे विद्युत दुर्घटनाओं से बचा जा सके। रामपुर के नदना पटवाई निवासी तेजवीर सिंह को 35 किलोवाट के वाणिज्यिक संयोजन के लिए 3.5 लाख रूपये स्टीमेट का पैसा जमा करने के बाद भी 02 माह से संयोजन न निर्गत करने पर उपभोक्ता को शीघ्र ही संयोजन निर्गत करने के निर्देश दिये।

स्थानीय स्तर पर ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान हो सके, इसके लिए ऊर्जा मंत्री ने सम्भव के तहत प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे अधिशासी अभियंता, 12 बजे अधीक्षण अभियंता तथा सायं 04 बजे मुख्य अभियंता को जनसुनवाई करने के निर्देश दिये, इसी प्रकार मंगलवार को सभी डिस्काम के एमडी अपने स्तर पर जनसुनवाई करेंगे। समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए प्रत्येक महीने डिस्काम के सभी एमडी जिलों में कैम्प करेंगे तथा जिले की चार तहसीलों में अधीक्षण अभियंता कैम्प करेंगे।

जनसुनवाई के दौरान चेयरमैन यूपीपीसीएल डा0 अशीष कुमार गोयल, एमडी उत्पादन एवं पारेषण, एमडी पावर कारपोरेशन पंकज कुमार मौजूद रहे तथा डिस्काम के एमडी, सभी जोन के मुख्य अभियंता, जिलों से अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एसडीओ ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

# शहीद पथ, किसान पथ व ग्रीन कॉरिडोर के दोनों ओर 500–500 मीटर की परिधि में बना सकेंगे ऊंची इमारतें

– लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 182वीं बैठक में पारित हुआ प्रस्ताव, टी0ओ0डी0 (ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवेलपमेंट) क्षेत्र घोषित होने से विकास को मिलेगी रफ्तार

– लखनऊ महायोजना–2031 में चिन्हांकित टी0ओ0डी0 क्षेत्र का जोनल डेवेलपमेंट प्लान तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के चयन हेतु जारी की जाएगी आर0एफ0पी0

लखनऊ। शहीद पथ, किसान पथ व ग्रीन कॉरिडोर के समानांतर मार्ग के दोनों ओर 500–500 मीटर की परिधि में बहुमंजिला इमारतें बनायी जा सकेंगी। इसके लिए इन तीनों मुख्य मार्ग के प्रभाव क्षेत्र को टी0ओ0डी0 (ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवेलपमेंट ) जोन घोषित किया गया है। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट को रफ्तार मिलेगी, साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्षध्मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुयी प्राधिकरण बोर्ड की 182वीं बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है।

गोमती नगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण भवन के पारिजात सभागार में हुयी इस बैठक में जनहित के ऐसे कई प्रस्ताव पास किये गये हैं। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक के0के0 गौतम, प्रभारी मुख्य अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह समेत बोर्ड के सदस्य व अन्य विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अभी तक उक्त मार्गों पर बहुमंजिला भवन के निर्माण में 2.5 का एफ0ए0आर0 ही मिलता है। बोर्ड द्वारा टी0ओ0डी0 क्षेत्र का प्रस्ताव पारित किये जाने से अब इन तीनों मार्ग की 500–500 मीटर परिधि में विकसित क्षेत्र में 4.0 और अविकसित क्षेत्र में 5.0 एफ0ए0आर0 अनुमन्य किया जाएगा। इसमें बेसिक एफ0ए0आर0 से बढ़े हुये एफ0ए0आर0 के लिए क्रय योग्य एफ0ए0आर0 शुल्क देना होगा। इससे प्राधिकरण को अतिरिक्त आय होगी और कॉरिडोर के दोनों ओर नियोजित विकास सुनिश्चित होगा। इसके अलावा लखनऊ महायोजना–2031 में चिन्हांकित टी0ओ0डी0 क्षेत्र का जोनल डेवेलपमेंट प्लान व प्राधिकरण का जोनल प्लान तैयार करने के लिए कंसल्टेंट का चयन किया जाएगा। जिसके लिए आर0एफ0पी0 जारी करने के प्रस्ताव को बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

छावनी क्षेत्र से हटाया जाएगा अतिक्रमण

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि छावनी क्षेत्र में रानी लक्ष्मी बाई मार्ग पर 18 परिवार अवैध रूप से कब्जा करके निवास कर रहे हैं। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी ने रक्षा भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाकर यहां के अध्यासियों के पुर्न–विस्थापन के सम्बंध में पत्र भेजा है। उक्त प्रकरण में बोर्ड ने निर्णय लिया है कि बटलर पैलेस के अवैध अध्यासियों की तरह छावनी क्षेत्र के इन 18 अवैध अतिक्रमणकर्ताओं को विस्थापन नीति के अंतर्गत बसन्तकुंज व शारदा नगर विस्तार में निर्मित प्रधानमंत्री आवास आवंटित करते हुए इन्हें विस्थापित किया जाएगा।

डॉ0 भीमराव अम्बेडकर सभागार लीज पर दिया जाएगा

कानपुर रोड योजना में स्थित डॉ0 भीमराव अम्बेडकर सभागार को आउटसोर्स के माध्यम से संचालन व अनुरक्षण के लिए निजी कंपनी को लीज पर दिया जाएगा। बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस कार्य के लिए उपाध्यक्ष की स्वीकृति से आर0एफ0पी0 आमंत्रित की जाएगी। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सभागार में 2650 सिटिंग क्षमता व 350 सिटिंग क्षमता वाले 02 ऑडिटोरियम, 02 कैन्टीन व बड़ी पार्किंग है। प्राधिकरण ने मई, 2024 में लगभग दो करोड़ रूपये की लागत से सभागार में रिपेयरिंग व रेनोवेशन का कार्य कराया है। भविष्य में इसके अनुरक्षण व बिजली बिल आदि का अत्यधिक व्यय भार प्राधिकरण पर न पड़े, इसके लिए सभागार को लीज पर देकर संचालित कराया जाएगा।

गोमती नगर में विद्युत उपकेन्द्र के लिए दिये दो भूखण्ड

सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि गोमती नगर में 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण के लिए लेसा द्वारा जमीन की मांग की जा रही थी। इस क्रम में बोर्ड ने विशेष खण्ड में 764 वर्गमीटर तथा विनम्र खण्ड में 1674.38 वर्गमीटर भूखण्ड विद्युत विभाग को हस्तगत करने का प्रस्ताव पारित किया है। उक्त दोनों भूखण्ड 90 वर्ष की लीज पर आवंटित किये जाएंगे।

शुल्क के रूप में जमा की जाएगी प्रतिभूति राशिअपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण बोर्ड की 178वीं बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार 200 वर्गमीटर व इससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन निर्माण के लिए सोलर एनर्जी संयत्र, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व वृक्षारोपण का कार्य अनिवार्य किया गया था। व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू हो सके, इसके लिए प्राधिकरण द्वारा भवन का मानचित्र स्वीकृत करते समय आवेदक से निर्धारित प्रतिभूति राशि एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करवायी जा रही है। इससे मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया में अधिक समय लग रहा है। साथ ही जन सामान्य को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बंध में बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पास किया गया है कि प्रतिभूति राशि मानचित्र स्वीकृतिध्शमनित के समय अन्य शुल्कों के साथ प्राधिकरण कोष में जमा करवायी जा सकेगी। सम्बंधित कार्य पूर्ण होने पर उक्त प्रतिभूति धनराशि अवमुक्त कर दी जाएगी।

इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के भूखण्डों का हो सकेगा नामांतरण

अपर सचिव ने बताया कि वर्तमान में प्राधिकरण द्वारा लखनऊ इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की सम्पत्ति का नामांतरण नहीं किया जा रहा था। जिसमें अब नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी। इसमें ट्रस्ट द्वारा पट्टे पर आवंटित ऐसे भूखण्ड। जिनमें निर्धारित वार्षिक किराये में 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करते हुए 30 वर्षों की अवधि के उपरांत 30–30 वर्षीय दो नवीनीकरण किये जाने के अधिकार पट्टाधारक को प्रदान किये गये हैं। ऐसे भूखण्डों में पट्टावधि प्रभावी होने की दशा में नामांतरण की कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बंध में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव को बोर्ड द्वारा पारित किया गया है।

# 15 मीटर या उससे अधिक ऊंचे बहुमंजिला भवनों का हर 5 वर्ष में होगा स्ट्रक्चरल ऑडिट

– लखनऊ विकास प्राधिकरण की 182वीं बोर्ड बैठक में पारित हुआ प्रस्ताव, ऑडिट के लिए स्ट्रक्चरल इंजीनियरध्कंसल्टेंट का पैनल किया जाएगा गठितलखनऊ। विकास क्षेत्र में 15 मीटर या उससे अधिक ऊंचे बहुमंजिला भवनों का हर 5 वर्ष में स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण स्ट्रक्चरल इंजीनियरध्कंसल्टेंटध्फर्म का पैनल गठित करेगा। प्राधिकरण बोर्ड की 182वीं बैठक में इसका प्रस्ताव पास किया गया है।प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जन सामान्य के जानमाल की सुरक्षा के दृष्टिगत बहुमंजिला भवनों का स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट कराया जाना बेहद अनिवार्य है। इस सम्बंध में प्राधिकरण बोर्ड द्वारा पूर्व में भी प्रस्ताव पारित किया गया है। शुक्रवार को आयोजित बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया है कि प्राधिकरण के स्तर से स्ट्रक्चरल इंजीनियरध्कंसल्टेंटध्फर्म का पैनल गठित किया जाएगा, जिसके लिए जल्द से जल्द कार्यवाही सम्पादित करायी जाएगी। इस क्रम में विकास क्षेत्र में 15 मीटर या उससे अधिक ऊंचे बहुमंजिला भवनों का हर 5 वर्ष में स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। साथ ही स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट को अग्निशमन विभाग के साथ लिंक किया जाएगा, जिससे कि कार्यवाही को प्रभावी तरीके से प्रचलित किया जा सके।1441 करोड़ रूपये से वेलनेस सिटी का विकासउपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लखनऊ–सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित वेलनेस सिटी का विकास 1441.26609 करोड़ रूपये की लागत से किया जाएगा। इसमें भूमि अधिग्रहण व विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत 40 प्रतिशत धनराशि प्रदान की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार योजना में आ रही निजी विकासकर्ताओं की 296.843 एकड़ भूमि को इससे अलग करते हुए ग्राम–मस्तेमऊ की भूमि को शामिल किया गया है। अब वेलनेस सिटी के लिए ग्राम–बक्कास, मलूकपुर ढ़कवा, चौरहिया, चौरासी, दुलारमऊ, नूरपुर बेहटा व मस्तेमऊ की 1197.984 एकड़ भूमि अर्जित की जाएगी। अर्जन की कार्यवाही के लिए शहरी क्षेत्र में कलेक्टर सर्किल रेट का दो गुना व ग्रामीण क्षेत्र में चार गुना प्रतिकर दिया जाएगा। इसके अलावा किसानों से सहमति व लैंड पूलिंग के आधार पर भूमि का जुटाव किया जाएगा। इसी तरह आई0टी0 सिटी के लिए ग्राम–बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़ नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली व भटवारा की कुल 1710.2433 एकड़ भूमि जुटायी जाएगी।

# मंगेश को जबरदस्ती अपराधी बताकर पुलिस एनकाउण्टर कर वाहवाही लूट रही है–अखिलेश यादव

लखनऊ ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज मंगेश यादव के परिजनों ने समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में भेंट कर अपनी व्यथा बताई। मंगेश यादव को पुलिस ने घर से उठाकर फर्जी एनकाउण्टर में हत्या कर दी। मंगेश के शोकाकुल पिता, मां और बहन ने अखिलेश यादव को पुलिस द्वारा उत्पीड़न किए जाने की भी जानकारी दी। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

जौनपुर के गांव अगरौरा थाना बक्सा से आए मंगेश यादव के पिता राकेश यादव, मां शीला देवी और बहन प्रिंसी यादव के ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। सुल्तानपुर के सर्राफ की दुकान पर 28 अगस्त 2024 को लूट हुई थी। 2 सितम्बर 2024 की रात्रि 02:00 बजे पुलिस मंगेश को घर से उठाकर ले गई। 3–4 सितम्बर 2024 को दिन में पुलिस घर आई और कहा कि पूछताछ हो रही है। तुम्हारा लड़का छोड़ दिया जाएगा। 5 सितम्बर 2024 को उसकी पुलिस अभिरक्षा में फर्जी एनकाउण्टर में हत्या कर दी गई। पुलिस वालों ने कहा जाओ सुल्तानपुर के पोस्टमार्टम हाउस में लाश ले आओ। पीड़ित परिवारीजनों ने बताया कि पुलिस ने जबर्दस्ती दबाव डालकर वीडियों बनाया है जिसमें झूठ के सिवा कुछ नहीं है। जो वीडियो पुलिस प्रसारित कर रही है उसमें दबाव में उनसे मनमाफिक बयान दिलवाया गया है। पूरा गांव सच्चाई बता रहा है। मंगेश को जबरदस्ती अपराधी बताकर पुलिस एनकाउण्टर कर वाहवाही लूट रही है। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवारीजनों को भरोसा दिया कि उनके बेटे की पुलिस द्वारा हत्या किए जाने की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पुलिस का नया तरीका है, किसी को भी उठाओ, झूठी कहानी बनाओ और परिवार पर दबाव डालकर सच का ही एनकाउण्टर कर दो। कहा कि भाजपा सरकार में एनकाउण्टर आंकड़ा, गैरकानूनी हत्याओं की नाइंसाफी का भी आंकड़ा और साथ ही पीडीए के विरूद्ध अन्याय का आंकड़ा है। पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों पर रोज ही अत्याचार हो रहे हैं। अन्याय और अत्याचार के खिलाफ समाजवादी पार्टी सदैव आवाज उठाती रही है।

# ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की

## उपभोक्ताओं को परेशानी न हो, विद्युत व्यवधानों का शीघ्र निस्तारण करायें

## उपभोक्ताओं को समय से संयोजन मिले, मीटर और परिवर्तक की उपलब्धता सुनिश्चित हो

लखनऊ। प्रदेश में विद्युत चोरी व्यापक पैमाने पर हो रही है, जिससे राजस्व के भारी नुकसान के साथ गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति में भी व्यवधान पड़ रहा है। इसमें शीघ्र रोक लगाई जाए और जिन क्षेत्रों, फीडरों में ज्यादा विद्युत चोरी की संभावना एवं शिकायतें आ रही हैं या विद्युत लोड व लाइनलास ज्यादा है वहां पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ विजलेंस कार्यवाही की जाए। हरहाल में संगठित रूप से हो रही विद्युत चोरी को रोकना है। बड़े बकायेदारों से बकाया वसूली के प्रयास तेज किये जाए। किसी भी विद्युत कार्मिक की कार्यशैली से उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। विद्युत व्यवधानों के निस्तारण में पूर्णनिष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करें। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने विद्युत अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश।

ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा शुक्रवार को शक्तिभवन में विद्युत व्यवस्था एवं आपूर्ति की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सभी डिस्काम के विद्युत कार्मिकों को निर्देश दिया कि स्थानीय स्तर पर विद्युत समस्याओं व व्यवधानों के शीघ्र निराकरण के लिए जनप्रतिनिधियों से मिलकर विद्युत समस्याओं के समाधान का प्रयास करें। उनके द्वारा उठाये गये मुद्दों को गम्भीरता से लें। सभी उपभोक्ताओं को समय से विद्युत संयोजन मिले, इसके लिए सभी डिस्काम में पर्याप्त मात्रा में मीटर और परिवर्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करायें, इसकी कमी से कहीं पर भी विद्युत संयोजन देने में देरी न हो।

ऊर्जा मंत्री ने विभाग के सभी स्थानान्तरित अधिकारियों व कार्मिकों को शीघ्र अपनी तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य अभियंता या अधीक्षण अभियंता स्तर पर स्थानान्तरित कार्मिक को रोकने का कोई बहाना न हो। मुख्यालय से किसी को नहीं रोका गया है, ऐसी स्थित बिल्कुल बर्दास्त नहीं की जायेगी। आने वाले गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिले और उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए 14 अक्टूबर, 2024 से अनुरक्षण कार्य हेतु तथा क्षमता वृद्धि के लिए अभियान चलाया जाए। बरसात के मौसम में भारी बारिश व आंधी, तूफान आने से विद्युत व्यवधान होने का शीघ्र निस्तारण करायें। विद्युत कार्यों के लिए लिये जाने वाले शटडाउन की पूर्व में ही लोगों को जानकारी दें, जिससे लोगों को शिकायत न हो।

ऊर्जा मंत्री ने फिरोजाबाद में वर्षा के कारण दो दिन तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए स्थलीय निरीक्षण के लिए मुख्यालय से टीम भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्षा के कारण विद्युत बाधित न हो, इसके स्थाई समाधान निकाले जाए। इसी प्रकार पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी में 33 केवी में फाल्ट आने से बाधित विद्युत आपूर्ति के स्थाई समाधान निकाले के निर्देश एमडी मध्यांचल को दिये। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के लक्ष्यों को सभी डिस्काम एवं जोनवार पूरा कराने के निर्देश दिये।

बैठक में अध्यक्ष यूपीपीसीएल डा0 आशीष कुमार गोयल, एमडी उत्पादन एवं पारेषण, एमडी यूपीपीसीएल उपस्थित थे तथा सभी डिस्काम के एमडी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता व उपखण्ड अधिकारी वर्चुअल प्रतिभाग किया।

# कक्षा 9 और 11 के संस्थागत अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण शुल्क और आनलाइन पंजीकरण की तिथियों में किया बदलाव

## कक्षा-10 और 12 के संस्थागत और व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क और अनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि संशोधित

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह ने बताया कि सत्र 2024–25 के लिए कक्षा–9 और कक्षा–11 के संस्थागत अभ्यर्थियों के पंजीकरण शुल्क और ऑनलाइन पंजीकरण की तिथियों को संशोधित किया गया है। नवीन संशोधित तिथियाँ के अनुसार अग्रिम पंजीकरण शुल्क जमा करने और ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2024 (मध्यरात्रि 12 बजे तक) है। संस्था के प्रधान को कक्षा–9 और 11 में अध्ययनरत छात्रों के पंजीकरण शुल्क 50 रुपये प्रति छात्र की दर से एकमुश्त कोषागार में जमा करना होगा और शैक्षिक विवरण परिषद की वेबसाइट नचउेचण्मकनण्पद पर ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

उन्होंने बताया कि चेकलिस्ट प्राप्त करने और विवरण की जांच करने की अवधि 21 से 23 सितम्बर 2024 है। इस अवधि के दौरान वेबसाइट पर किसी प्रकार का अपडेशन नहीं किया जा सकेगा। संशोधन की अवधि 24 से 27 सितम्बर 2024 (मध्यरात्रि 12 बजे तक) है। इस अवधि में यदि विवरण में कोई त्रुटि है तो उसे संशोधित किया जा सकता है, लेकिन नए छात्रों का विवरण अपलोड नहीं किया जाएगा। फोटोयुक्त नामावली और कोषपत्र की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा करने की अंतिम तिथि 05 अक्टूबर 2024 है। साथ ही सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे नवीन तिथियों के अनुसार पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें और सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक कार्यवाही समय पर की जाए।

माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने बताया कि परीक्षा वर्ष 2025 के कक्षा–10 और 12 के संस्थागत और व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथियों को संशोधित किया गया है। नवीन संशोधित तिथियाँ के अनुसार विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2024 है। 31 अगस्त 2024 के बाद प्रति छात्र 100 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क कोषागार में जमा करना होगा। परीक्षा शुल्क की सूचना और शैक्षिक विवरण ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2024 (मध्यरात्रि 12 बजे तक) है। इस तिथि तक सभी विवरण वेबसाइट पर अपलोड किए जाने चाहिए।

उन्होंने बताया कि विवरण की चेकलिस्ट और विवरणों की जांच की अवधि 26 से 30 सितम्बर 2024 है। इस दौरान वेबसाइट पर किसी भी प्रकार का अपडेशन प्रतिबंधित रहेगा। संशोधन की अवधि 01 से 05 अक्टूबर 2024 (मध्यरात्रि 12 बजे तक) है। इस अवधि में केवल विवरणों में संशोधन स्वीकार किए जाएंगे, नए छात्रों का विवरण अपलोड नहीं किया जाएगा। फोटोयुक्त नामावली और कोषपत्र की एक प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2024 तक है। साथ ही सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे इन संशोधित तिथियों के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र और शुल्क प्रक्रिया पूरी करें।

# इच्छुक व्यक्ति प्रशिक्षण हेतु 16 सितम्बर तक कर सकते है आवेदन

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश के उद्यान और खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत 90 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक सहारनपुर, बस्ती और प्रयागराज के औद्यानिक प्रयोग और प्रशिक्षण केन्द्रों पर चलाया जाएगा। प्रतिवर्ष विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से लगभग 5000 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। मधुमक्खी पालन में रोजगार एवं आमदनी की असीमित संभावनाएं हैं।

उद्यान मंत्री ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए उद्यान और खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश में लगभग 22 से 23 हजार मिट्रिक टन का शहद उत्पादन होता है। सहारनपुर, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, फैजाबाद, बाराबंकी, प्रयागराज,

# संपादकीय

## वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा

गंभीर और मुश्किल सवालों से उलझने का साहस ना हो, तो फिर हर वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा ही एकमात्र रास्ता बच जाता है। आरजी कर अस्पताल बलात्कार कांड के बाद यही रास्ता ममता बनर्जी की सरकार ने अपनाया है।

ममता बनर्जी ने इसे ऐतिहासिक और मॉडल विधेयक कहा है। पश्चिम बंगाल की विधानसभा ने बलात्कार और हत्या के दोषियों को मृत्युदंड का प्रावधान करते हुए इस विधेयक को पारित किया है। इसमें यह भी प्रावधान है कि पुलिस को ऐसे मामलों की जांच पूरी कर 21 दिन के अंदर अपनी पहली रिपोर्ट अदालत में पेश करनी होगी, जिससे मुजरिमों को शीघ्र एवं कठोरतम सजा दिलाना संभव हो जाएगा। इस तरह आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में सियासी तौर पर बुरी तरह घिर गई राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अपने बचाव का एक राजनीतिक कदम उठाया है। दांव कारगर होगा या नहीं, यह तो बाद में जाहिर होगा। लेकिन जो कदम उठाया गया है, वह सिरे से समस्याग्रस्त है। इससे जाहिर हुआ है कि देश में इतना विवेकहीन माहौल बना हुआ है कि इसके बीच गंभीर मसलों पर भी अतीत से सीख लेने और तार्किक विचार–विमर्श में जाने की गुंजाइश बेहद सिकुड़ चुकी है। निर्भया कांड के बाद देश में ऐसे अपराधों के लिए सजा को सख्त बनाया गया था। उसके बाद बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए और भी सख्त पोक्सो जैसा कानून बना।

उन अधिनियमों का तजुर्बा क्या है? क्या उनसे जुर्म पर काबू पाने में तनिक भी मदद मिली? ऐसा ना होना दो प्रमुख वजहों से हुआ है। एक तो अपने देश में कानून के मुताबिक सजा सुनिश्चित करने वाली आपराधिक न्याय व्यवस्था बेहद लचर है, इसलिए अच्छे इरादों के बावजूद ठोस परिणाम हासिल नहीं होते। दूसरे, जिन समस्याओं की जड़ें समाज के आर्थिक और सांस्कृतिक ढांचे में हों, उनका समाधान महज कानून बना कर नहीं किया जा सकता। लेकिन इन गंभीर और मुश्किल सवालों से उलझने का साहस ना हो, तो फिर हर वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा ही एकमात्र रास्ता बच जाता है। यही रास्ता ममता बनर्जी की सरकार ने अपनाया है। चूंकि विपक्ष– खासकर भारतीय जनता पार्टी के लिए भी कोलकाता की घटना सिर्फ राजनीतिक लाभ हासिल करने का जरिया है, अतरू उसके पास भी कोई सार्थक सुझाव नहीं है। इसीलिए पार्टी ने विधेयक का समर्थन किया है।

## क्या राहुल विदेश जाकर भारत को कर रहे बदनाम ?

पिछले दिनों राहुल गांधी तीन–चार दिन के लिए अमरीका गये थे । वहां उन्होंने अपने अनेक इंटरव्यू में मोदी जी की जमकर आलोचना की । इस पर भाजपा के सारे प्रवक्ता, वर्तमान और पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा समर्थक टी.वी. चौनल राहुल गांधी की जमकर आलोचना कर रहे हैं ।

असल में आज इण्टरनेट, व्हाट्सएप और अनेक अन्य प्रकार की मोबाइल और कम्प्यूटर के द्वारा एक स्थान के समान्तर दुनिया के सारे हिस्सों में तत्काल पहुंच जाते हैं हम उसे लाइव ही कहेंगे । राहुल गांधी इस बार अधिकृत रूप से विपक्ष के लीडर ऑफ अपोजिशन हैं । यूं बहुतों का मानना है कि राहुल गांधी कोई ज्यादा बड़े चिंतक नहीं हैं । उन्होंने कानून (लॉ), राजनीतिक या अर्थशास्त्र की विधिवत शिक्षा नहीं ली है । ऑक्सफोर्ड या कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयों में कुछ ऑडिट कोर्स होते हैं यानि आप उन भाषणों को सुनते हैं और सर्टिफिकेट मिल जाता है । कोई परीक्षा नहीं होती । इन कोर्सों की कोई कीमत नहीं है । हम नहीं जानते कि राहुल गांधी कोई ओरिजिनल पुस्तकें पढ़ते होंगे? यूं उनकी इंग्लिश बहुत अच्छी है । अच्छी अंग्रेजी बोल लेते हैं और पढ़ भी सकते होंगे । कुछ लिखते भी हैं, ऐसा देखने में नहीं आया है । उनकी कोई चिन्तनशील किताब नहीं आई है । नीतिपरक कोई लेख उनके भारत के या विदेशों के अखबारों में छपे हैं, ऐसा देखने को नहीं मिला है । अब जब ट्रांसमिशन इतना आसान और तत्काल हो गया है तो फिर राहुल गांधी देश में क्या कहते हैं और विदेश में इससे क्या फर्क पड़ता है? परन्तु भाजपा के प्रवक्ता और टी.वी. चौनल विपक्ष की आलोचना के अलावा और कर भी क्या सकते हैं? टी.वी. चौनलों पर बहस बेकार की बात है । परन्तु चौबीस घण्टे का टी.वी. और कर भी क्या सकता है । अतरू टी.वी. चौनलों के एंकर सत्ता पक्ष की कृपा दृष्टि के लिए सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता की भांति बोलते हैं जबकि एंकर को निष्पक्ष रहना चाहिए । उसको प्रोग्राम को मौटोरेट करना है । अपना पक्ष नहीं । पर कौन किसे समझाये ? विपक्ष का कहना है कि मोदी जी ने भी विदेशी धरती पर पिछली पूर्व सरकारों की जमकर आलोचना करते हैं । राज्यसभा में उनका वक्तव्य कि बरसाती पहनकर नहाने की कला कोई डॉक्टर साहब से पूछे । यह मनमोहन सिंह पर व्यंग था । यह वक्तव्य अमरीका और इंग्लैण्ड के कई प्रतिष्ठित अखबारों में छपा था । इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदीजी ने नेहरू की जमकर आलोचना की थी । अब वे 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाते हैं और इन्दिरा गांधी की आलोचना करते हैं । संविधान विशेषज्ञों का कहना है कि इमरजेंसी लगाना और ज्यादती करना गलत था, परन्तु यह इमरजेंसी भारत के संविधान के तहत ही लगाई गई थी जिसे तत्कालीन राष्ट्रपति ने अप्रूव किया था !

## भाजपा और आरएसएस के बीच अंदरूनी मनमुटाव

भारत के मौजूदा सत्तारूढ़ खेमों में इस बात को लेकर अच्छी खासी चर्चा है कि ऐसी क्या खास वजह पैदा हो गई। जिससे देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी और उसके कथित संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर.एस.एस.) के बीच अंदरूनी मनमुटाव की स्थिति पैदा हो गई और जिसके कारण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को संघ की राष्ट्रीय समन्वयक बैठक में यह कहना पड़ कि– भाजपा को संघ की अब कोई जरूरत नहीं है, अब भाजपा हर तरीके से अपने आपमें सक्षम और आत्मनिर्भर है।य्च भाजपाध्यक्ष के इस बयान की देश के राजनीतिक क्षेत्रों में अच्छी खासी चर्चा है और कथन को लेकर मौजूदा और भविष्य के कयासों पर अटकलें तेज है। भाजपाध्यक्ष के इस बयान से संघ स्वयं वाली विस्मित है तथा अब वह अपनी अगली रणनीति को लेकर सजग व सक्रिय हो गया है, संघ प्रमुख केरल के पलक्कड में सम्पन्न इस सम्मेलन के बाद काफी चिंतित और सक्रिय हो गए है, उन्होंने पिछले कुछ दिनों में अपने विश्वस्तों के साथ कई बार गंभीर मंत्रणाएं भी की है। अब भाजपाध्यक्ष जगतप्रकाश नड्ड़ा के इस तल्खी भरे बयन के राजनीतिक क्षेत्रों में कई अर्थ निकाले जा रहे है, संघ इस बात को लेकर चिंतित है कि प्रधानमंत्री की मौन स्वीकृति के बिना नड्ड़ा जी ऐसा बयान दे नही सकते और मोदी जी की संघ के प्रति यह मुद्रा क्यों है? यह किसी के भी समझ में नही आ रहा है। भाजपाध्यक्ष ने यह बयान संघ के करीब दस दिन पहले केरल के पलक्कड़ शहर में हुए सम्मेलन में दिया था, बयान तिथि से अब तक के दस दिन के समय में भाजपाध्यक्ष के इस बयान की काफी राजनीतिक सर्जरी हो चुकी है और वह अभी भी जारी है, इस कारण भाजपा और संघ दोनों में ही खलबली मची हुई है।वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावागंभीर और मुश्किल सवालों से उलझने का साहस ना हो, तो फिर हर वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा ही एकमात्र रास्ता बच जाता है।

# अहम मुद्दों पर उजागर हुई राहुल गांधी की असलियत



राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत के खिलाफ जो जहर उगला है वह उनकी चुनावी रैलियों से अनवरत चली आ बयानबाजी का विस्तार है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक के बाद एक कई विवादित बयान दिये हैं जिनके कारण भारत का राजनैतिक वातावरण उद्वेलित है। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा की और वहां भारत विरोधी शक्तियों और समूहों के साथ बैठकर भारत तथा हिंदुत्व विरोधी बयान देकर उजागर कर दिया कि वे लोकसभा में नेता विरोधी दल नहीं वरन भारत विरोधी नेता हैं। मोहब्बत की दुकान का गाना गाने वाले राहुल गांधी नफरत से इतने अधिक भरे हुए हैं कि अपने पूर्वजों के अच्छे विचारों को भी तिलांजलि दे चुके हैं। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत विमर्श भारत विरोधी, अलगाववादी, विध्वंसक तथा हिंदुत्व का अपमान करने वाला है। राहुल गाँधी की भाषा हिन्दू देवी देवताओं के प्रति अपमानजनक रही। ऐसा प्रतीत हुआ कि राहुल गांधी वास्तव में शहरी नक्सली हैं और टुकड़े–टुकड़े गैंग के निर्देशक ही उनके सलाहकार हैं। राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत के खिलाफ जो जहर उगला है वह उनकी चुनावी रैलियों से अनवरत चली आ बयानबाजी का विस्तार है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक के बाद एक कई विवादित बयान दिये हैं जिनके कारण भारत का राजनैतिक वातावरण उद्वेलित है। राहुल गांधी ने अमेरिका में चीन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वहां पर बेरोजगारी नहीं है जबकि भारत और अमेरिका जैसे देशों में भयंकर बेरोजगारी है। सिख समुदाय पर भी राहुल ने विवादित और घटिया बयान दिया और कहा, मेरी लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी पहनने की अनुमति दी जाएगी? या एक सिख को कड़ा पहनने की अनुमति दी जाएगी? जो राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में यह ढिंढोरा पीटते रहे अगर भाजपा 400 पार चली गयी तो वह संविधान बदल देगी आरक्षण को समाप्त कर देगी उन्हीं राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा कि जब भारत भेदभाव रहित स्थान होगा तब कांग्रेस आरक्षण समाप्त करने पर विचार करेगी। अभी ऐसा नहीं है क्योंकि उनकी नजर में 2014 से दलितों आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उचित भगीदारी नहीं मिल रही है। राहुल गांधी ने हिंदी पर भी आरोप मढ़ दिया और कह डाला कि अगर आपको लगता है कि आंध्रप्रदेश के लोग हिंदी जितने महत्वपूर्ण नहीं हैं तो यह राज्य के लोगों का अपमान है। राहुल गांधी यहीं नहीं रुके बोलते बोलते राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ तक पहुँच गए औए कहा वे मानते हैं कि महिलाएं घर पर ही रहें, रसोई संभालें। सबसे बड़ा झूठ यह बोलकर आये हैं कि भारतीय राजनीति में प्रेम सम्मान और विनम्रता गायब है। राहुल गांधी ने सिख समुदाय को लेकर जो विवादित बयान दिया है उससे खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुनपतवंतसिंह पन्नू बहत खुश है तथा उनका समर्थन कर रहा है, राहुल के बयानों से खालिस्तान मूवमेंट के समर्थन की बू आ रही है। भारत में पंजाब और पंजाबियत का जो हाल कांग्रेस ने किया है वह किसी से छुपा नहीं है। कौन नहीं जानता कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 3000 सिखों का जो नरसंहार हुआ, जगह जगह दंगो के दौरान सिखों की पगड़ी उतार कर फेकी गई, उनके घर और दुकानों को आग के हवाले किया गया यह सब कुछ गांधी परिवार के नियंत्रण में ही हुआ था और राहुल के पिता राजीव गांधी ने, श्बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती हैश्‍ कहकर उसका बचाव किया था। कांग्रेस के ही शासनकाल में सिख राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के साथ हुआ दुर्व्यवहार पूरा देश जानता है। राहुल गांधी के बयान से भारत का राष्ट्रभक्त सिख समाज आंदोलित और आहत है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक बड़ा बयान भारत के लोकतंत्र और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर भी दिया है। राहुल के अनुसार 2024 का लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं था, उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी द्वारा नियंत्रित था। बीजेपी के पास अपार धन था, प्रशासन की ताकत थी, चुनाव आयोग का रवैया बीजेपी के पक्ष में था अगर निष्पक्ष चुनाव होते तो बीजेपी 240 सीटें जीत ही नहीं सकती थी। यहाँ राहुल गांधी संभवतः भूल गये कि चुनावों के दौरान कांग्रेस द्वारा सत्ता के दुरुप्रयोग की कहानियां भरी पड़ी हैं वो तो भला हो कि धीरे धीरे चुनाव आयोग ने सामर्थ्य दिखाना आरम्भ किया और चुनाव प्रणाली को सुदृढ़ किया। राहुल गांधी अमेरिका में धुर भारत विरोधी नेताओं के साथ बैठक करते हैं और उनके साथ विचार विमर्श करते हैं। दुनिया भर में राष्ट्रवादी सरकारों के सबसे बड़े दुश्मन और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले जार्ज सोरोस के साथ उनके और उनकी माता जी के सम्बंध अब छुपे नहीं रह गये हैं। राहुल गांधी की सबसे अधिक विवादित मुलाकात डेमोक्रेट सांसद इल्हान उमर और प्रमिला जयपाल सहित विदेशी सरकारों के तख्ता पलट के विशेषज्ञ माने जाने वाले डोनाल्ड ब्लू से होती है जो बताती है कि राहुल गांधी के इरादे खतरनाक ही नहीं बहुत ही खतरनाक हैं। राहुल गांधी प्रधानमंत्री का विरोध करते–करते अब देश का ही विरोध करने पर उतारू हो गये हैं। विश्लेषकों का अनुमान है राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा और उनकी बयानबाजी ाय पैदा होना स्वाभाविक है।

# अमित शाह के आश्वासन को भाजपा ने क्यों किया दरकिनार ? क्यों घाटी की 28 सीटों पर नहीं उतारे उम्मीदवार ?

जहां तक कश्मीर में भाजपा कार्यकर्ताओं की निराशा की बात है तो इस संबंध में हम आपको बता दें कि इनमें से कई लोगों ने मीडिया से बातचीत में खुलकर यह कहा है कि यदि पार्टी चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं उतार रही है तो फिर उन्हें लगता है कि इस पार्टी में उनका कोई भविष्य नहीं है। जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर और अपने दम पर सरकार बनाने के इरादे से चुनावी मैदान में उतरी भाजपा इस केंद्र शासित प्रदेश में बिल्कुल नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा जम्मू–कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत तो चाह रही है मगर उसने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार ही नहीं उतारे हैं इसलिए सवाल उठ रहा है कि जब सभी सीटों पर वह लड़ ही नहीं रही है तो सरकार कैसे बना लेगी? हम आपको बता दें कि भाजपा घाटी की सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। देखा जाये तो कश्मीर घाटी में 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ने का भाजपा का फैसला हैरानी भरा है क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी कि पार्टी जम्मू–कश्मीर की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। गत सप्ताह भाजपा का संकल्प पत्र जारी करने केंद्र शासित प्रदेश के दौरे पर आये अमित शाह ने दावा किया था कि भाजपा ही केंद्र शासित प्रदेश में सरकार बनाएगी। इसलिए सवाल उठता है कि भाजपा सरकार बनाने लायक नंबर कहां से लायेगी? हम आपको बता दें कि कश्मीर घाटी में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में कड़ी मेहनत कर अपना पार्टी संगठन खड़ा किया था और विभिन्न क्षेत्रों में उसके पास समर्थकों की अच्छी खासी तादाद भी है लेकिन इसके बावजूद पार्टी ने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे जिससे पार्टी के तमाम कार्यकर्ता नाराज बताये जा रहे हैं। हालांकि भाजपा इस नाराजगी को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रही और उसका कहना है कि कश्मीरी जनता हमें उन 19 सीटों पर भारी बहुमत देगी जहां हमने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। मगर कश्मीर घाटी में भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं उतार रही है तो फिर उन्हें लगता है कि इस पार्टी में उनका कोई भविष्य नहीं है। श्रीनगर में एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि हमने वर्षों से विपरीत माहौल में पार्टी को खड़ा करने के लिए कड़ी मेहनत की लेकिन जब हमें पुरस्कृत करने का समय आया, तो पार्टी ने हम पर भरोसा नहीं किया। उन्होंने या तो सीटें छोड़ दीं या ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा जो पार्टी में नए हैं। कश्मीर घाटी के भाजपा नेता और कार्यकर्ता अमित शाह के वादे पर भी सवाल उठा रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि इसी साल मई में घाटी की अपनी यात्रा के दौरान, भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करते हुए अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के दौरान कश्मीर घाटी की सभी तीन सीटों को छोड़ने के फैसले पर खेद व्यक्त किया था। हम आपको याद दिला दें कि लोकसभा चुनावों में जम्मू में आने वाली दो सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी और उसने कश्मीर की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। अमित शाह ने उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं से जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने का आग्रह करते हुए कहा था कि भाजपा इस बार सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव विमर्श के विषय




डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प "एक देश, एक विधान, एक प्रधान" के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। कभी किसी जमाने की बात याद है न?! जब प्रत्येक राष्ट्रीय कानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था म्•बमचज श्रंउउन ंदक ौंउपत– जम्मू और कश्मीर को छोड़कर!! अब देश में वैसा नहीं होता है। अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है।जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फारूखघ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे–बट्टे थे। ये चाहते हैं कि 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप–छछून्दर के जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतारकर 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत देश अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग होकर मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था श्प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं।श्‍ 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था?! शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फारूकघ अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य अलगाववादियों के साथ गले में हाथ डालकर बैठी थी और अनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर पुनः इन उग्रवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि– "अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने हेतु ये लोग प्रतिबद्ध हैं।" कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है?! शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक ठवउइ ज्वल है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं। डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प "एक देश, एक विधान, एक प्रधान" के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020–21 में 15वें वित्ध्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्ध्मू और कश्ध्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशरू 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्ध्लॉक डेवलेपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्ध्तर के चुनाव में भी यही गाथा दिहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना से 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ने कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्ध्मू–कश्ध्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छः हजार आवासों का निर्माण हो गया है। जम्ध्मू–कश्ध्मीर से बाहर विवाह करने वाली लड़कियों और उनके बच्ध्चों के अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है। कश्मीर में पहली बार दस हजार रिक्त नौकरियों को सूचीबद्ध करके इन पर नियुक्तियों का कार्य प्रारंभ किया गया है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। ज्यादा व्यस्त रहने के कारण आप अपने आस पास ध्यान नहीं दे पाएंगे। अपनों के प्रति प्रेम और विश्वास बढ़ेगा।

वृष राशि–

आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं

मिथुन राशि–

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर बहुत ही सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को अपना प्रोजेक्ट पूरा करने में सफलता मिलेगी।

कर्क राशि–

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें।

सिंह राशि–

आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग मिलेगा, जिससे आप अपने कार्यों को समय पर पूरा करा लेंगे।

कन्या राशि

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता–पिता से सलाह लें। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी।

तुला राशि–

आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस के कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे । अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा।

वृश्चिक राशि–

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास के किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं । आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा।

धनु राशि–

आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज आपको कर्ज से छुटकारा, जिससे रिलेक्स महसूस करेंगे।

मकर राशि–

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे । आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से आसानी से निपटा लेंगे।

मीन राशि–

आज का दिन आपके लिए दिन अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है, इसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए काम पूरे हो जायेंगे। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए प्लान तैयार करेंगे। आपको आज नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आय के नये–नये रास्ते मिलेंगे।

# दलीप ट्राफी राउंड 2 में श्रेयस अय्यर पड़े फिके, 7 गेंदों पर बिना खाता खोले लौटे पवेलियन



अय्यर ने फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच खेला था। निरंतरता में कमी के चलते उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में जगह नहीं मिली। दलीप ट्रॉफी में अच्छा परफॉर्म कर उनके बाद बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट और न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जगह बनाने का मौका था। श्रेयस अय्यर की टेस्ट टीम में वापसी को लेकर अभी उनको और उनके फैंस को इंतजार करना पड़ेगा। दरअसल, दलीप ट्रॉफी में उनके पास स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में शानदार प्रदर्शन करने का मौका है, मगर फिलहाल वह एक भी मौके को बुना नहीं पाए हैं। राउंड–2 में इंडिया ए के खिलाफ तो उन्होंने हद ही कर दी। वह दबंग बनने के चक्कर में काला चश्मा लगाकर बैटिंग करने उतरे, लेकिन उनकी हेकड़ी खलील अहमद ने निकाल दी। अय्यर ने 7 गेंदों पर बिना खाता खोले आउट हो गए। बता दें कि, दलीप ट्रॉफी में अय्यर ने अभी तक तीन पारियां खेली हैं। पहले मैच में उन्होंने फिफ्टी जड़ी थी लेकिन उसके बाद उन्होंने सिर्फ 9 रन बनाए थे। लेकिन इस बार अय्यर जब बल्लेबाजी करने आए तो वो चश्मा पहनकर आए थे जिसके बाद ट्रोल होने लगे। फैंस को उनका चश्मा पहनकर बल्लेबाजी करना बिलकुल भी पसंद नहीं आया।

# अफगानिस्तान– न्यूजीलैंड टेस्ट बिना गेंद डले हुआ रद्द, 91 साल में पहली बार हुआ ऐसा

एकमात्र टेस्ट मैच अधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया गया है। ये मैच बिना गेंद डले रद्द हुआ, यहां तक की दोनों कप्तान भारी बारिश और गीला मैदान होने की वजह से टॉस के लिए भी मैदान पर नहीं उतर पाए। इसी के साथ टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ये मात्र 8वां घटना है जब कोई टेस्ट मैच बिना गेंदें डले रद्द हुआ हो। अफगानिस्तान वर्सेस न्यूजीलैंड एकमात्र टेस्ट मैच अधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया गया है। ये मैच बिना गेंद डले रद्द हुआ, यहां तक की दोनों कप्तान भारी बारिश और गीला मैदान होने की वजह से टॉस के लिए भी मैदान पर नहीं उतर पाए। इसी के साथ टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ये मात्र 8वां घटना है जब कोई टेस्ट मैच बिना गेंदें डले रद्द हुआ हो। वहीं 21वीं सदी में ऐसा पहली बार हुआ है। इसी के साथ अफगानिस्तान वर्सेस न्यूजीलैंड टेस्ट रद्द होने से एक और रिकॉर्ड भी बना। 91 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ये टेस्ट एशिया में बिना गेंद डले रद्दे होने वाला पहला मैच बना है। जी हां, अभी तक रद्द हुए 7 टेस्ट एशिया के बाहर के थे। बिना गेंद डले रद्द हुए मैचों की लिस्ट में न्यूजीलैंड का ये लगातार दूसरा मुकाबला है। अफगानिस्तान से पहले भारत के खिलाफ 1998 में कीवी टीम ने 5 दिन ड्रेसिंग रूप में ही बिताए थे। टेस्ट नंबर–34– ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, ओल्ड



ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर टेस्ट नंबर 34– बारिश के कारण रद्द होने वाला पहला मैच था। इस मैच का टॉस भी नहीं हुआ था। टेस्ट नंबर 264– ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर टेस्ट नंबर 264 भी बारिश के कारण रद्द हो गया। कोई टॉस नहीं हुआ था। टेस्ट नंबर 764– ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड।टेस्ट नंबर 675 के दौरान जैसे ही खिलाड़ी मैदान में प्रवेश कर रहे थे, बारिश शुरू हो गई। डब्ब मैनेजर, ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड और 2 डब्ब अधिकारियों के बीच चर्चा हुई और ये निष्कर्ष निकाला गया कि सीमित ओवरों का खेल मैच जाना चाहिए और बाद में इस मैच को पहला वनडे माना गया।

# पीयूष चावला ने बताया रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में फर्क, जानें क्या कहा ?

पीयूष चावला ने रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में अंतर के बारे में बातचीत की। पीयूष चावला इन दोनों खिलाड़ियों की कप्तानी में मुंबई के लिए खेल चुके हैं। मुंबई ने आईपीएल 2024 में कप्तानी में बड़ा बदलाव किया था और रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को टीम की कप्तानी सौंपी गई थी। आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले लेग स्पिनर पीयूष चावला ने रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में अंतर के बारे में बातचीत की। पीयूष चावला इन दोनों खिलाड़ियों की कप्तानी में मुंबई के लिए खेल चुके हैं। मुंबई ने आईपीएल 2024 में कप्तानी में बड़ा बदलाव किया था और रोहित




शर्मा की जगह हार्दिक को टीम की कप्तानी सौंपी गई थी। हार्दिक की कप्तानी में मुंबई का प्रदर्शन खराब रहा था और ये टीम 10वें नंबर पर रही थी। पीयूष चावला ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब चौनल रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी के अंतर के बारे में बात करते हुए बताया कि हर किसी की कप्तानी करने की अपनी शैली होती है। पीयूष चावला ने आईपीएल 2024 के अलग–अलग मैचों का उदाहरण देते हुए कहा कि इस सीजन में हार्दिक की कप्तानी में कोई कमी नहीं थी, लेकिन उन्होंने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली। दोनों की कप्तानी में क्या फर्क है इस पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंतर. .. मैं ऐसा नहीं कह सकता। हर किसी के सोचने का अपना तरीका होता है, हार्दिक का तरीका अलग है। हार्दिक वही कप्तानी हैं जिनकी कप्तानी में गुजरात टाइटंस विनर बनी थी और उप विजेता रही थी, तो ऐसा नहीं है। पीयूष चावला ने आगे कहा कि टी20 में बात गति की होती है और इसमें चीजों को चुनना साथ ही चीजों का क्लिक होना शामिल है।

अगर हम देखें तो केकेआर चौंपियन बन गया, फाइनल में हैदराबाद के साथ उनका मैच था और उस मैच में कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जाना चाहिए था। क्लासेन ने हर्षित राणा के खिलाफ बढ़त हासिल की, लेकिन आउट हो जाए। अगर वो मैच हार जाते तो चीजें बदल जाती।

# कब और कहां देखें भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत ? जानें हेड टू हेड रिकार्ड्स

14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी मैच खेला जाएगा। इस बार दोनों टीमें हॉकी मैदान में आमने सामने होने जा रही है, एशियन चौंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारत का मुकाबला चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान से कल खेला जएगा। इस महामुकाबले में पाकिस्तान की टीम के लिए जीत बेहद अहमद होगी, ऐसे में मैच का रोमांच और बढ़ा जाता है। भारतीय हॉकी टीम के लिए शनिवार यानी 14 सितंबर का दिन बेहद अहम है। इस दिन भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी मैच खेला जाएगा। इस बार दोनों टीमें हॉकी मैदान में आमने सामने होने ज भारतीय



कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय टीम ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है और अपराजेय रही है। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत चीन को 3–0 से हराकर की, फिर जापान और मलेशिया को 5–0 और 8–1 से शिकस्त दी। इसके बाद सेमीफाइनल में जगह पक्की करते हुए कोरिया को 3–1 से मात दी। दूसरी ओर पाकिस्तान ने मलेशिया और कोरिया के खिलाफ 2–2 से ड्रॉ खेला और फिर जापान को 2–1 से हराया। पाक टीम ने चीन को 5–1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी है। कब खेला जाएगा भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी मैच?भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर दोपहर 1रू15 बजे भारतीय समयानुसार मुकाबला होगा। इस मैच का सीधा प्रसारण ैवदल ैचवतजे ज्मद नेटवर्क पर किया जाएगा और इसे ैवदल स्पअ ऐप पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। साल 2013 से अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच कुल 25 मुकाबले खेले गए हैं। जहां भारत का पलड़ा भारी रहा है, टीम ने 16 मुकाबले जीते हैं। वहीं पाकिस्तान ने केवल 5 मैच जीते हैं जबकि 4 मैच ड्रॉ रहे हैं।

# नवदीप सिंह के सामने जमीन पर बैठे पीएम मोदी, गोल्ड मेडलिस्ट ने पहनाई कैप

नवदीप सिंह ने पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 में जैवलिन थ्रो इवेंट में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता और देश का नाम रोशन किया। 23 साल के नवदीप सिंह ने पैरालंपिक गेम्स के जैवलिन थ्रो इवेंट में भारत के लिए पहली बार गोल्ड मेडल जीतने का कमाल किया और ये उनका किसी पैरालंपिक गेम्स में भी पहला व्यक्तिगत गोल्ड मेडल भी रहा। भारतीय पैरा एथलीट्स नवदीप सिंह ने पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 में जैवलिन थ्रो इवेंट में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता और देश का नाम रोशन किया। 23 साल के नवदीप सिंह ने पैरालंपिक गेम्स के जैवलिन थ्रो इवेंट में भारत के लिए पहली बार गोल्ड मेडल जीतने का कमाल किया और ये उनका किसी पैरालंपिक गेम्स में भी पहला व्यक्तिगत गोल्ड मेडल भी रहा। नवदीप सिंह की इस उपलब्धि के बाद भारत के



पीएम नरेंद्र मोदी ने उनसे मुलाकात की। पीएम मोदी और नवदीप सिंह की मुलाकात का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें साफ दिख रहा है कि पीएम मोदी कितने सरल तरीके से उनसे बातें कर रहे हैं। इस दौरान पीएम ने नवदीप सिंह की इच्छा पूरी भी की। पीएम मोदी और नवदीप सिंह का जो वीडियो सामने आया है। उसमें भारतीय पैरा एथलीट उनसे कहते हैं कि सर, मैं आपको कैप पहनाना चाहता हूं। इसके बाद पीएम मोदी कहते हैं कि तुमने अपना वीडियो देखा है। क्या लोग कह रहे हैं, सब लोग डरते हैं। इस पर नवदीप कहते हैं कि जोश जोश में थोड़ा सा। इसके बाद पीएम मोदी कहते हैं कि मुझे कैप पहनाना चाहोगे, मैं यहां बैठता हूं, तुम पहनाओ। इसके बाद पीएम नीचे बैठ जाते हैं। फिर नवदीप पीएम मोदी को कैप पहनाते हैं और उसके बाद पीएम मोदी उनसे हाथ मिलाते हुए कहते हैं, वाह लग रहा है ना कि तुम बड़े हो। फिर दोनों खूब हंसते हैं।

# योगेश कथुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी से कही दिल की बात, कहा– आप हमारे

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर पेरिस पैरालंपिक के भारतीय दल से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया भी मौजूद थे। पेरिस पैरालंपिक में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद भारतीय पैरा एथलीटों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव भी शेयर किए। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर पेरिस पैरालंपिक के भारतीय दल से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया भी मौजूद थे। इस मुलाकात के दौरान जूडो में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाले पैरा एथलीट कपिल परमार ने पीएम मोदी को ब्लैक बेल्ट भेंट की। वहीं पुरुषों की डिस्कस थ्रो थ्56 फाइनल में सिल्वर मेडल जीतने वाले योगेश कथुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना दोस्त बताया



है जो हमेशा उनका साथ देते हैं। पीएम मोदी से बातचीत के दौरान योगेश ने कहा कि लोगों के लिए पीएम का मतलब प्रधानमंत्री होता है, लेकिन मेरे लिए इसका मतलब परम मित्र होता है। आप हमारे लिए एक दोस्त की तरह हैं, जो हमेशा हमारा साथ देते हैं। पीएम मोदी के साथ बातचीत का सभी ने आनंद लिया। पुरुषों की भाला फेंक सिल्वर मेडलिस्ट अजीत सिंह यादव ने बताया कि पीएम मोदी ने उन्हें ऑटोग्राफ दिया। अजीत ने कहा कि, मैं सिल्वर मेडल जीतकर बहुत खुश हूं।

# कुर्ती खरीदते समय इन बातों का रखें खास ख्याल, दिखेंगी स्टाइलिश और हाइट भी लगेगी ज्यादा

घर से लेकर ऑफिस तक में महिलाएं कुर्तियां पहनना पसंद करती हैं। कुर्ती आरामदायक होती है। ऑनलाइन शॉपिंग बेवसाइट से लेकर मार्केट तक में आपको हर रंग, पैटर्न और प्रिंट की कुर्तियां मिल जाएंगी।


लड़की हो या महिला कुर्तियां पहनना लगभग सभी को पसंद होता है। घर से लेकर ऑफिस तक में महिलाएं कुर्तियां पहनना पसंद करती हैं। कुर्ती आरामदायक होती है। साथ ही आप इसको प्लाजो, जींस या लैगिंग्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं। हर किसी के साथ कुर्ती का अलग लुक आता है। ऑनलाइन शॉपिंग बेवसाइट से लेकर मार्केट तक में आपको हर रंग, पैटर्न और प्रिंट की कुर्तियां मिल जाएंगी। हालांकि अगर आप कुर्ती पहनकर लंबी लगना चाहती हैं और साथ ही परफेक्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आपको कुर्तियां खरीदने के दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर यदि आपकी हाइट कम है, तो आपको कुर्ती खरीदने के दौरान कुछ बातों को जहकुर्ती खरीदने के दौरान इसकी लंबाई का खास ख्याल रखना चाहिए।



लंबी लेंथ वाली कुर्ती में हाइट ज्यादा नहीं लगती है। जबकि सिर्फ घुटनों तक या उससे ऊपर तक आने वाली कुर्ती आपको खूबसूरत दिखाने में मदद करती है। साथ ही इस तरह की कुर्ती में आपकी हाइट भी ज्यादा लगेगी।अगर आप ढीली–ढाली कुर्तियां पहनती हैं, तो आपकी हाइट कम लगेगी। वहीं अगर आप फिटिंग वाली कुर्ती वियर करती हैं, तो यह आपके फिगर को परफेक्ट दिखाता है और आप लंबी नजर आएंगी।अगर आपकी हाइट कम है, तो आपको हमेशा वर्टिकल स्ट्राइप्स वाली कुर्ती पहननी चाहिए। बता दें कि वर्टिकल लाइनें आपकी हाइट को बढ़ाकर दिखाता है। वहीं अगर आप हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स वाली कुर्ती पहनती हैं, तो इसमें आपकी हाइट कम लगेगी। अगर आप भी लंबी दिखना चाहती हैं, तो हमेशा शॉर्ट स्लीव्स या 3ध्4जी स्लीव्स वाली कुर्ती पहननी चाहिए। क्योंकि फुल स्लीव्स आपकी हाइट को और भी कम दिखा सकती है। कुर्ती खरीदने के दौरान इसके रंग का खास ध्यान रखना चाहिए। हमेशा मोनोक्रोमैटिक या डार्क रंगों वाली कुर्ती चुनें। यह आपके शरीर को स्लिम और लंबा दिखाने में मदद करती है।अगर आप बड़े प्रिंट्स वाली कुर्तियां खरीद रही हैं, तो इसमें आपकी हाइट कम लग सकती है। इसलिए हमेशा छोटे प्रिंट्स वाली कुर्ती खरीदें क्योंकि इसमें आपकी हाइट ज्यादा लगेगी।

# फेस स्किन को ग्लो देंगे ये अमेजिंग फेस टोनर, एजिंग इफेक्ट को कर देंगे स्लो डाउन

फेस सीरम हमारे चेहरे को न्यूट्रिशन देकर त्वचा को खराब होने से बचाने में मदद करता है। आज हम आपको बेस्ट क्वालिटी के फेस टोनर के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह आपकी स्किन के लिए परफेक्ट हैं। फेस सीरम हमारे चेहरे को न्यूट्रिशन देकर त्वचा को खराब होने से बचाने में मदद करता है। हालांकि फेस को रिफ्रेश करने के लिए सैलून जाकर महंगे ट्रीटमेंट लेते हैं। लेकिन अब मार्केट में कई ऐसे फेस टोनर मिलती हैं, जो मिनटों में आपके फेस को जरूरी न्यूट्रिशन दे सकते हैं। यह टोनर आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखते हैं और बदलते मौसम के कारण खराब नहीं होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम



आपको बेस्ट क्वालिटी के फेस टोनर के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह आपकी स्किन के लिए परफेक्ट हैं। टपसअी ैजवतम का मिल्क ड्रॉप सीरम स्किन पोर्स को कम करता है। जो त्वचा तो हाइड्रेट रखता है और पीएच लेवल बैलेंस कर फेस ऑयल को सोख लेता है। इसमें राइस मिल्क इस्तेमाल किया जाता है। इस टोनर में अर्थ मरीन वाटर और मरीन एल्गी एक्सट्रैक्ट का इस्तेमाल किया गया है और अल्फा अर्ब्यूटिन डार्क स्पॉट को खत्म करता है। जिससे फेस का कॉम्प्लेक्शन सुधरता है। इसको रेगुलर इस्तेमाल करने से फेस की झाइंया हटाने में मदद मिलती है। यह फेस टोनर स्प्रे फॉर्म में आता है। थ्वतमेज म्मेदजपंसे का फेस टोनर त्वचा को रिफ्रेश करता है और पोर्स को टाइट करता है। जिससे चेहरे की डलनेस दूर होती है। यह अल्कोहल फ्री टोनर है। जो ऑयली स्किन और एक्ने प्रो त्वचा के लिए बेस्ट माना जाता है। यह टोनर ब्लैकहेड्स और व्हाइट हेड्स को हटाने का काम करता है। इस फेस टोनर को रोजाना इस्तेमाल करने से फेस पर निखार आता है। ठपव–मेमदबम का य के लिए नियासिनअमाइड, जापानी रोज एक्सट्रैक्ट और ह्याल्यूरोनिक एसिड से भरपूर है। यह सभी तरह की स्किन के लिए परफेक्ट होता है। यह टोनर पोर्स को टाइट कर फेस की टोनिंग करता है। इसमें एंटी एजिंग क्वालिटी भी होती है। यह आपकी त्वचा को लंबे समय तक मॉइश्चराइज करता है। इस टोनर के रेगुलर से त्वचा की सेल्स की ऑक्सीजन सोखने की क्षमता 40 फीसदी बढ़ जाती है, जिससे आपका फेस ग्लो करता है। यह फेस टोनर राइस और सेरामाइड मॉइश्चराइजर से भरपूर होता है।

# त्वचा के लिए एलोवेरा या मलाई क्या सबसे बेहतर क्या है ? जानें एक्सपर्ट की राय

अपनी त्वचा की देखभाल के लिए मलाई या एलोवेरा चुनने से पहले, आपको इन प्राकृतिक चीजों के व्यक्तिगत लाभों के बारे में पता होना चाहिए। एलोवेरा चेहरा पर लगाने से क्या होता है और मलाई चेहरे पर लगाने से क्या होता है। एलोवेरा और मलाई हमारे घरों में सबसे आसानी से उपलब्ध होने वाले दो पदार्थ हैं जो हमारी त्वचा का इलाज कर सकते हैं। अगर आप के पास त्वचा देखभाल के लिए समय नहीं है? तो आप इन बातों को ध्यान में रखकर आप भी बेदाग त्वचा पा सकते हैं। होममेड टिप्स के माध्यम से त्वचा देखभाल और स्वस्थ लाइफस्टाइल विकल्प आपकी त्वचा की मरम्मत कर सकते हैं, प्राकृतिक उम्र बढ़ने को धीमा करने में मदद कर सकते हैं और विभिन्न प्रकार की त्वचा समस्याओं से बच सकते हैं। एलोवेरा और मलाई हमारे घरों में सबसे आसानी से उपलब्ध होने वाले दो पदार्थ हैं जो हमारी त्वचा का इलाज कर सकते हैं। नियमित या साप्ताहिक आधार पर इन उत्पादों को हमारे चेहरे की त्वचा पर लगाने से सनबर्न, मुंहासे और एक्जिमा जैसी त्वचा की समस्याओं के इलाज में मदद मिल सकती है। आइए जानते हैं एलोवेरा या मलाई क्या फायदेमंद है। इसमें विटामिन ई, ए, सी और बी 12 के साथ–साथ एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं जो त्वचा की चोटों और घावों से होने वाले दर्द, सूजन और खराश से राहत दिलाने में मदद करते हैं और साथ ही कोलेजन के विकास को भी बढ़ावा देते हैं। एलोवेरा का एंटीऑक्सीडेंट कार्य हमारी त्वचा को सूरज की क्षति और विकिरण से बचाता है, साथ ही उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इसकी उच्च जल सामग्री त्वचा को हाइड्रेट और मॉइस्चराइज करने में सहायता करती है।स्किन पर मलाई लगाने के फायदे मलाई सिर्फ सफेद या पीले रंग की जमा हुई क्रीम है। इसे शुद्ध और गैर–होमोजेनाइज्ड दूध को 180 डिग्री सेल्सियस पर उबालकर तैयार किया जाता है। क्रीम के ठंडा होने के बाद, उबलने की प्रक्रिया के ऊपर प्रोटीन और वसा की एक जमा हुई परत बन जाती है ।

# विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का ट्रेलर आउट, राजकुमार–तृप्ति ने लगाया रोमांस के साथ कामेडी का तड़का



राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की अपकमिंग कॉमेडी ड्रामा विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है. ट्रेलर काफी मजेदार है और कॉमेडी से भरपूर है. फिल्म में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं उनके साथ ही मल्लिका शेरावत, विजय राज, मस्त अली जैसे कलाकार सपोर्टिंग रोल में हैं. इनके अलावा शहनाज गिल और दलेर मेहंदी का गाने में स्पेशल अपीयरेंस है.ट्रेलर की शुरूआत में विक्की और विद्या अपनी का इंटीमेट वीडियो बनाते हैं और इसे रिकॉर्ड करते हैं लेकिन इसकी सीडी प्लेयर कहीं चोरी हो जाती है. इसी को खोजने की जद्दोजहद में मेकर्स ने गजब का कॉमेडी का तड़का लगाया है जिसमें विजय राज एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं जो मल्लिका शेरावत के प्यार में पड़ जाता है. हाल ही में मेकर्स ने इसका अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था जो काफी दिलचस्प था. इस दिलचस्प टीजर में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी टीवी जर्नलिस्ट की भूमिका में नजर आ रहे हैं और अपनी फिल्म के कलाकारों और क्रू को पेश करने के लिए एक शो होस्ट कर रहे हैं. इस टीजर को दर्शकों ने खूब पसंद किया. फिल्म टी–सीरीज, बालाजी टेलीफिल्म्स, वाकाओ फिल्म्स और थिंकिंग पिक्चर्स का ज्वाइंट वेंचर है. यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. बता दें कि यह आलिया भट्ट और वेदांग रैना स्टारर जिगरा से टकराएगी, जो उसी दिन सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रहे हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार पिछली बार मिस्टर एंड मिसेज माही में जाह्नवी कपूर के साथ नजर आए थे.

वहीं उनकी अकपमिंग फिल्मों में विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और मालिक है. दूसरी ओर तृप्ति की पिछली फिल्म बैड न्यूज थी जिसमें उनके साथ विक्की कौशल और एमी विर्क थे.

# भुवन बाम की ताजा खबर 2 का ट्रेलर जारी, जावेद जाफरी से भिड़ते दिखेंगे अभिनेता


कॉमेडियन और अभिनेता भुवन बाम की वेब सीरीज ताजा खबर को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। यह सीरीज बीते साल 5 जनवरी को डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी।अब दर्शक ताजा खबर के दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा।दरअसल, ताजा खबर 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिस पर दर्शक खूब प्यार लुटा रहे हैं।नए सीजन में भुवन की भिड़ंत जावेद जाफरी से होने वाली है।भुवन बाम ने दर्शकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनसे मिले प्यार से वह काफी उत्साहित महसूस करते हैं। उन्होंने इस सीजन का इंतजार करने को लेकर दर्शकों का आश्वस्त करते हुए कहा कि उनका इंतजार सफल साबित होगा। भुवन ने कहा, सीजन 2 की शूटिंग भावनात्मक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण रही है और मैं खुद को वास्या की आंखों में देख सकता था। इस सीजन में मेरे किरदार का ग्राफ बढ़ता है। अभिनेता ने आगे कहा कि उन्हें दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी के साथ काम करन में काफी मजा आया।ताजा खबर 2 की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। इस सीरीज का प्रीमियर 27 सितंबर, 2024 से डिज्नी हॉटस्टार पर होने जा रहा है।इसमें भुवन और जावेद के अलावा श्रिया पिलगांवकर, महेश मांजरेकर, प्रथमेश परब, नित्या माथुर, देवेन भोजनी और शिल्पा शुक्ला जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।ताजा खबर 2 का निर्देशन हिमांक गौड़ ने किया है। भुवन ने इसका निर्माण रोहित राज के साथ मिलकर किया है। कहानी हुसैन और अब्बास दलाल ने लिखी है।जावेद जाफरी ने अपनी भूमिका को लेकर उत्साह जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें जब इस किरदार की पेशकश की गई, तो वह काफी उत्साहित हो गए। उन्होंने कहा कि उन्हें नई भूमिकाओं के साथ खुद को चुनौती देना पसंद आता है। अपने किरदार को लेकर उन्होंने कहा,यूसुफ काफी शक्तिशाली और उग्र स्वभाव वाला है। उसके किरदार में कई परत हैं, जो मैंने पहले कभी नहीं निभाया है। भुवन बाम जैसे प्रभावशाली, मेहनती और युवा कलाकार के साथ काम करना अविश्वसनीय है, जो हर समय भावुक और दृढ़ रहे हैं। ताजा खबर मेरे लिए रचनात्मक रूप से काफी संतोषजनक अनुभव रहा है और दर्शकों को वास्या और यूसुफ के मुकाबले का मजा लेने को मिलेगा।सीरीज में वस्या की पत्नी के किरदार में नजर आईं श्रेया पिलगांवकर ने अपने किरदार को बहुत खास बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें मिले प्यार के लिए वह बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा उनका किरदार मधु, साहस और शक्ति का प्रतीक है, जो सीजन 2 में अपना हक वापस आने फिर से आती है। उन्होंने कहा,मधु ने मुझे प्रेरित किया है और मुझे उम्मीद है कि उसके गुणों ने कई अन्य महिलाओं के दिलों को छुआ होगा जो आज के दिन और उम्र में बाधाओं के बावजूद अपना नाम बनाना चाहती हैं। अभिनेत्री ने कहा कि वह इस नए सीजन के लिए एक बार फिर से काफी उत्साहित हैं।

# युधा का लेटेस्ट ट्रैक हट जा बाजू रिलीज, दिखा सिद्धांत चतुर्वेदी और राघव जुयाल के धमाकेदार डांस मूव्स

एक्सेल एंटरटेनमेंट युधा के साथ एक थ्रिलिंग एंटरटेनमेंट देने के लिए तैयार है. दो एक्शन से भरपूर ट्रेलर, एक रोमांटिक सॉन्ग साथिया और एक हाई–एनर्जी पार्टी सॉन्ग सोहनी लगदी रिलीज करने के बाद, उन्होंने अब अपना लेटेस्ट ट्रैक हट जा बाजू को रिलीज कर दिया है. सिद्धांत चतुर्वेदी और राघव जुयाल पर फिल्माए गए इस स्टाइलिश ट्रैक में दोनों स्टार्स को जबरदस्त और स्टाइल के साथ एक–दूसरे से मुकाबला करते हुए दिखाया गया है.

जब सिद्धांत चतुवेर्दी, मालविका मोहनन और राघव जुयाल ने पुणे के एक कॉलेज इवेंट में हट जा बाजू लॉन्च किया, तब फिल्म और गाने को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया. ये ट्रैक ना सिर्फ राघव जुयाल के 4 साल बाद डांस में वापसी को मार्क करता है, बल्कि उनके जबरदस्त मूव्स को सिद्धांत के साथ शोकेस भी करता है. ये एक लाइवली और स्टाइलिश सॉन्ग है, जिसमें बहुत सारा ग्रूव है और जो दोनों स्टार्स के बीच की जबरदस्त केमिस्ट्री को हाईलाइट करता है.हट्ट जा बाजू में केली डिलीमा, विशाल ददलानी और अर्श मोहम्मद ने अपनी दमदार आवाज दी है, जबकि गीतकार मशहूर जावेद अख्तर हैं. इसे शंकर–एहसान–लॉय ने कंपोज किया है और पीयूष–शाजिया ने कोरियोग्राफ किया है. यह गाना फिल्म के लिए लोगों का उत्साह बढ़ाने वाला है. एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस, युधा 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. फिल्म में गजराज राव, राम कपूर, राज अर्जुन और राघव जुयाल जैसे शानदार कलाकार हैं, जो एक यादगार सिनेमाई अनुभव का वादा करते हैं.

# बाक्स आफिस पर स्त्री 2 की पकड़ चौथे सप्ताह में भी बरकरार, 28वें दिन भी किया करोड़ों में कारोबार



श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर श्स्त्री 2त्र को सिनेमाघरों में धूम मचाते हुए एक महीना पूरा होने वाला है लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस से हटने का नाम नहीं ले रही है. फिल्म ने इस दौरान अपनी लागत से कई गुना ज्यादा कमाई कर ली है और ये रिलीज के चौथे हफ्ते में भी करोड़ों में कारोबार कर रही है. अमर कौशिक निर्देशित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड भी बना चुकी है और तमाम फिल्मों का गुरूर भी तोड़ चुकी है. इसी के साथ चलिए यहां जानते हैं श्स्त्री 2त्र ने रिलीज के 28वें दिन यानी चौथे बुधवार को कितनी कमाई की है?श्स्त्री 2त्र ना थकेगी ना रुकेगी... दरअसल फिल्म की कमाई की रफ्तार देखकर तो यही लग रहा है. ये फिल्म चार हफ्तों से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है. इस बीच कितनी ही बड़े स्टार कास्ट की फिल्में आईं और चली भी गई लेकिन मजाल है कि श्स्त्री 2त्र का बॉक्स ऑफिस पर से सिंहासन कोई हिला सका हो. धुआंधार कमाई करते हुए ये ना केवल साल 2024 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर बन चुकी है बल्कि दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी है. अब बस इसका टारगेट हिंदी में 600 करोड़ के नए क्लब की शुरुआत करना लग रहा है.वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श द्वारा शेयर किए दए आंकड़ों के मुताबिक श्स्त्री 2त्र ने फर्स्ट वीक में 307.80 करोड़, सेकंड वीक में 145.80 करोड़ और थर्ड वीक में 72.83 करोड़ की कमाई की. वहीं चौथे शुक्रवार फिल्म ने 4.84 करोड़, चौथे शनिवार 8.77 करोड़, चौथे रविवार 11.40 करोड़, चौथे सोमवार 3.60 करोड़ और चौथे मंगलवार 3.20 करोड़ का कलेक्शन किया इसी के साथ श्स्त्री 2त्र के 27 दिनों की कुल कमाई 558.24 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं अब फिल्म के 28वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्स्त्री 2त्र ने रिलीज के 28वें दिन 3 करोड़ का कारोबार किया है. इसी के साथ श्स्त्री 2त्र की 28 दिनों की कुल कमाई अब 561.24 करोड़ रुपये हो गई है. श्स्त्री 2 की कमाई वाकई हैरान कर देने वाली है. 50 करोड़ की लागत से बनी ये फिल्म रिलीज के 28 दिनों में 560 करोड़ से ज्यादा का कारोबार कर चुकी है. अब ये शाहरुख खान की श्जवान्त्र के हिंदी वर्जन में लाइफटाइम कलेक्शन (584 करोड़) का रिकॉर्ड ब्रेक करने से कुछ ही करोड़ दूर रह गई है. इस माइल स्टोन को पार करते ही श्स्त्री 2त्र सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन जाएगी. वैसे बता दे कि श्जवान्त्र का बाकी भाषाओं की कमाई को मिलाकर लाइफटाइम कलेक्शन (643.87) है. अब देखने वाली बात होगी कि क्या श्स्त्री 2त्र पांचवें वीकेंड पर जवान्त्र के हिंदी वर्जन में लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे पाती है या नहीं.

# मीना कुमारी की बायोपिक कमाल–मीना का टीजर आउट, दिग्गज एक्ट्रेस की लव स्टोरी का खुलेगा राज

हिंदी सिनेमा की दिग्गज और खूबसूरत एक्ट्रेस मे से एक मीना कुमारी के बारे में कौन नहीं जानता. मीना कुमारी जितनी सुंदर थीं, उससे कई ज्यादा उनके अभिनय में खूबसूरती नजर आती थी, जिन सिनेप्रेमियों को मीना कुमारी के बारे में जानकारी नहीं हैं, उनके लिए एक गुडन्यूज है. दरअसल, हिंदी सिनेमा का आइकॉनिंग सॉन्ग चलते–चलते (पाकीजा) फेम एक्ट्रेस मीना कुमारी की बायोपिक का टीजर रिलीज हो गया है. इस मीना कुमारी की बायोपिक के टीजर को संजय दत्त ने भी शेयर किया है. मीना कुमारी का बायोपिक लंबे समय से चर्चा हो रही थी.

संजय दत्त ने मीना कुमारी की बायोपिक के टीजर को शेयर कर लिखा है, डियर साची और बिलाल, नए वेंचर के लिए ऑल द बेस्ट, भगवान करे यह सुपरहिट हो, संजय मामू की तरफ से हमेशा प्यार बना रहेगा, यह मस्ट वॉच फिल्म है.

मीना कुमारी की बायोपिक के टीजर की बात करें तो इसमें मीना कुमारी और उनके पति कमाल अमरोही की लव स्टोरी के पल दिख रहे हैं. कमाल अमरोही फिल्म डायरेक्टर और स्क्रीनराइटर थे. उनका असली नाम सैय्यद आमिर हैदर कमल नकवी था और उनका स्क्रीन नाम कमाल अमरोही था.वहीं, सारेगामा ने भी अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर मीना कुमारी का बायोपिक कमाल–मीना का टीजर शेयर किया है. उन्होंने लिखा है, एक सपना जो खत्म होने से डरा नहीं, एक ऐसा प्यार जो सीमाओं से परे गया. इस फिल्म को सिद्धार्थ मल्होत्रा, बिलाल अमरोही बना रहे हैं. फिल्म में इरशाद कामिल ने गाने लिखे हैं. इन गानों के एआर रहमान ने अपना मधुर संगीत दिया है.बता दें, मीना कुमारी को हिंदी सिनेमा में सुपरस्टार दिलीप कुमार की तरह एक टैग मिला हुआ था. दिलीप कुमार ट्रेजेडी किंग तो मीना कुमारी ट्रेजेडी क्वीन माना जाता था. कहा जाता है कि घर की मजबूरियों के चलते पढ़ाई ना कर सकीं मीना कुमारी को ना चाहते हुए भी हिंदी सिनेमा का दामन थामना पड़ा था. मीना का जन्म 1 अगस्त 1933 को मुंबई के दादर में हुआ था और वहीं 31 मार्च 1972 को महज 39 साल की उम्र में लीवर खराब होने से उनकी मौत हो गई.

# घरेलू बाक्स आफिस पर 200 करोड़ की ओर थलापति विजय की गोट, हफ्तेभर में हुआ 170.75 करोड़ का कलेक्शन



थलापति विजय की एक्शन थ्रिलर फिल्म गोट (द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम) ने बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है. फिल्म गोट बीती 5 सितंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज हुई थी. फिल्म गोट ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है, लेकिन कुछ ही अंतर से इंडिया में 200 करोड़ रुपये कमाने से चूक गई है. गोट ने अपने पहले हफ्ते में कितना कलेक्शन किया है और फिल्म ने सातवें दिन कितनी कमाई की है . आइए जानते हैं.

बता दें, गोट ने वर्ल्डवाइड 126 करोड़ रुपये से खाता खोला था. सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने 7वें दिन इंडिया में 8 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. गोट का यह अब का सबसे कम दैनिक कलेक्शन है, वहीं, वीकेंड पर फिल्म की कमाई में तेजी आ सकती है. गोट का कुल घरेलू नेट कलेक्शन 170.75 करोड़ रुपये का हो गया है.वहीं,गोट ने अपने घर तमिलनाडू में अभी भी कब्जा जमाया हुआ है. तमिलनाडू में फिल्म का ऑक्यपेंसी रेट 27.80 फीसदी दर्ज हुआ है. इवनिंग शो में 37.86 फीसदी और नाइट शो में 30.99 फीसदी ऑक्यूपेंसी शेयर रेट है. बत दें, फिल्म अब भारत में 200 करोड़ रुपये के आंकड़े की ओर बढ़ रही है.विजय की फिल्म को वेंट प्रभु ने डायरेक्ट किया है. फिल्म 380 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट में बनी है. फिल्म में विजय के साथ प्रशांत और प्रभुदेवा जैसे एक्टर भी हैं.

# येलो और रेड साड़ी पहन भोजपुरी क्वीन मोनालिसा ने गिराई हुस्न की बिजली, कातिल अदाएं देखकर दिल हारे फैंस



अंदाज भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन मोन से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनकी दिलकश अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने गणपति उत्सव की कुछ बेहद खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका खूबसूरत और ग्लैमरस लुक देखकर फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

मोनालिसा ने गणेश भगवान जी की पूजा के दौरान बेहद ही सुंदर येलो और रेड कलर की साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वो कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।कानों में गोल्ड के इयररिंग्स और गले में नेकलेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते रहते हैं।हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने लिखा है– आउटस्टैंडिंग। दूसरे यूजर ने लिखा है कोई इतना खूबसूरत कैसे हो सकता है। तीसरे यूजर ने लिखा है ब्यूटिफुल क्वीन मैम।

# बालीवुड में डेब्यू करते ही स्टार बन गईं रूहानी शर्मा

बॉलीवुड में कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं जो एंट्री करते ही रातोंरात स्टार बन गई थीं. अब उसी लिस्ट में अनुष्का शर्मा की बहन रुहानी शर्मा भी शामिल हो गई हैं.

बॉलीवुड में एक्ट्रेस रूहानी शर्मा ने फिल्म आगरा से डेब्यू किया है. फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई है जिसमें से एक्ट्रेस के इंटीमेट सीन्स का वीडियो वायरल हो रहा है.

रूहानी शर्मा बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की कजिन हैं. उनका जन्म हिमाचल प्रदेश के सोलन में हुआ है. पंजाब यूनिवर्सिटी से अपनी ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख दिया था.



रूहानी ने कई पंजाबी म्यूजिक वीडियो में काम किया. उसके बाद उन्होंने तमिल फिल्मों से एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू किया. तमिल के बाद तेलुगू में भी रूहानी डेब्यू कर चुकी हैं. दोनों ही इंडस्ट्री में रूहानी की एक्टिंग को लेकर खूब तारीफ हुई है.

उसके बाद रूहानी ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आगरा मूवी से डेब्यू किया. इस फिल्म में मोहित अग्रवाल, प्रियंका बोस, रूहानी शर्मा, विभा चिब्बर और सोनल झा अहम किरदार निभाती नजर आईं हैं. फिल्म का 2023 कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था.

फिल्म के ऑनलाइन लीक होने के बाद सोशल मीडिया पर इंटीमेट सीन का एक वीडियो वायरल हो रहा है. इंटीमेट सीन की वजह से रूहानी को खूब ट्रोल भी किया जा रहा है. ट्रोलिंग के बाद रूहानी चुप नहीं बैठीं. उन्होंने एक स्टेटमेंट शेयर करके अपनी निराशा जाहिर की.

रूहानी शर्मा आखिरी बार फिल्म ब्लॉकआउट में नजर आईं थीं. इस फिल्म में उनके साथ विक्रांत मैसी, सुनील ग्रोवर, मौनी रॉय अहम किरदार निभाते नजर आए थे. वो जल्द ही तमिल फिल्म मास्क में नजर आएंगी.

# आलिया भट् ने फिर से साथ क्यों नहीं किया काम ? अब 8 साल बाद दोनों सितारों ने किया बड़ा ऐलान

दिलजीत दोसांझ और आलिया भट्ट को एक साथ आठ साल पहले फिल्म उड़ता पंजाब के गाने श्एक कुड़ीश में साथ देखा गया था। अब लंबे समय बाद दोनों एक बार फिर से साथ आ रहे हैं। आलिया भट्ट एक शानदार एक्ट्रेस हैं वहीं दिलजीत की बात करें तो वह एक बेहतरीन सिंगर के साथ साथ बेहतरीन एक्टर भी हैं। दिलजीत दोसांझ और आलिया भट्ट को एक साथ आठ साल पहले फिल्म उड़ता पंजाब के गाने श्एक कुड़ीश में साथ देखा गया था। अब लंबे समय बाद दोनों एक बार फिर से साथ आ रहे हैं। आलिया भट्ट एक शानदार एक्ट्रेस हैं वहीं दिलजीत की बात करें तो वह एक बेहतरीन सिंगर के साथ साथ बेहतरीन एक्टर भी हैं।

# बालीवुड से है खास कनेक्शन एनटीआर और जरनवी कपूर की जबरदस्त केमिस्ट्री के अलावा भी दर्शकों के लिए बाकी है कई सरप्राइज

तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा फिल्म देवरारू पार्ट 1 वैश्विक घटना पर प्रभाव डालने के लिए पूरी तरह तैयार है। 27 सितंबर को दुनिया भर में सिल्वर स्क्रीन पर आने वाली यह फिल्म, अमेरिका के लॉस एंजिल्स में प्रतिष्ठित बियॉन्ड फेस्ट 2024 में प्रीमियर होगी। जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की देवरारू पार्ट 1 की एक झलक ने ही फैंस को दीवाना कर दिया था। फिल्म को लेकर इस वक्त फैंस काफी ज्यादा एक्साइडिट है। वह आरआरआर के बाद से ही जूनियर एनटीआर की वापसी का भी इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की देवरा रिलीज के लिए तैयार है। तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा फिल्म देवरारू पार्ट 1 वैश्विक घटना पर प्रभाव डालने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

सोनभद्र(आरएनएस)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा समस्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव पर विचार विमर्श हुआ, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थल बनाने के लिए भवनों का चयन व सत्यापन अधिकतम मतदाताओं के आधार पर कराया जाना है, किसी मतदान केंद्र पर अगर दो बूथ बनाए गए हैं तो 1500 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के आधार पर समायोजित करने का प्रयास किया जायेगा, अगर विशेष परिस्थिति में 300 से कम मतदाता वाले बूथों को अन्य बूथों के साथ समायोजन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा, शहरी क्षेत्रों में जहां नई आवासीय कालोनियां बनी हैं और उसमें मतदाताओं की संख्या है तो नया पोलिंग स्टेशन बनाया जा सकता है, अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थल को मतदान क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध स्थायी भवन में स्थानांतरित किया जा सकेगा, संभाजन यानी समायोजन प्रक्रिया के दौरान ऐसे मतदेय स्थलों को भी चिह्नित किया जाएगा जो गांव व बस्ती से दूरी पर हैं। पोलिंग स्टेशन की दूरी लगभग दो किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए, सत्यापन के दौरान यदि कोई बूथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से बाहर मिलेंगे तो उसे बदला जाएगा, दिव्यांगजनों और अशक्त मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर रैंप की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी, राजनैतिक दल या लेबर यूनियन के कार्यालय से दो सौ मीटर के अंदर कोई मतदेय स्थल नहीं बनाए जा सकेंगे, यदि कोई मतदेय स्थल निजी भवन में स्थापित है और वहां शासकीय भवन उपलब्ध है तो स्थानांतरित किया जायेगा, दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, व्यक्तिगत सामुदायिक केंद्र, विवाह घर अथवा ऐसे भवन जिनका स्वामित्व किसी राजनीतिक व्यक्ति के पास है तो विकल्प की तलाश कर उसे स्थानांतरित किया जाएगा। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि ओबरा विधान सभा व राबर्ट्सगंज विधान सभा में मतदान का समय प्रातः 07.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक ही निर्धारित है, जिससे कि इन विधान सभा क्षेत्र के निवासियों को मतदान करने हेतु अन्य विधान सभा की अपेक्षा समय कम मिलता है, पूर्व में नक्सल प्रभावित होने के कारण उपरोक्त विधानसभा में समय का परिवर्तन किया गया था, अब नक्सल प्रभावित न होने के कारण समय में परिवर्तन होना आवश्यक है, जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग को पत्राचार किया जायेगा।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोहित यादव, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह तहसील राबर्ट्सगंज अमित कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, भारतीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजीव त्रिपाठी, भाजपा के जिला मंत्री सुनील सिंह, समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी अनिल प्रधान, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश गौतम, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द कुमार, बसपा के जिलाध्यक्ष बी0 सागर, भाजपा के सुरेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# 38 हजार के नकली नोटों के साथ आरोपी को विंध्यनगर पुलिस ने पकड़ा

## पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

सिंगरौली/सोनभद्र (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में नए कानून होने के पश्चात पुलिस अपराध पर नियंत्रण के लिए निरंतर सख्त कार्यवाही कर रही है। पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, पी.एस. परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अर्चना दिवेदी व पुलिस टीम को 38 हजार 400 रूप्ये के नकली नोटो के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में बताया कि विगत कुछ दिनों से थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना दिवेदी को इस बात की खबर मिल रही थी की क्षेत्र में एक व्यक्ति नकली नोटों को खपाने का प्रयास कर रहा है। जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाकर एक टीम सिविल ड्रेस में बाजार में तैनात की गई थी, जो इस बात की पतासाजी में गंभीरता से लगी हुई थी, जिस पर गुरूवार को मुखबिर द्वारा जानकारी मिली कि एक व्यक्ति ढोंटी गांव में नकली नोटों की खेप पहुचाने आने वाला है, सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा एक टीम उप निरीक्षक संदीप नामदेव के साथ ढोंटी गांव में भेजी गई, जहां संदेही के मिलने पर मौके पर ही पूछताछ की गई व तलासी ली गई, तो उसके पास 100 एवं 200 रुपये के नकली नोट मिले जिस संबंध में आरोपी से नाम पता पूछा गया जो अपना नाम चिन्टू उर्फ दिनेश साकेत पिता अयोध्या साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी बनौली (खुटार) थाना बैढ़न का रहने वाला बताया तथा घर पर ही उक्त नकली नोटों को प्रिन्टर से प्रिन्ट कर बाजार में खपाने की बात बताया, जो आरोपी के बताये मुताबिक उसके घर बनौली से कलर प्रिंटर, लैपटाप, कागज एवं नोट तैयार करने में काम आने वाले उपकरणों को जप्त किया गया। आरोपी के घर से 500 के 4, 100 के 110, 200 के 127 नकली नोट बरामद किये गये हैं। जिन्हें आरोपी नकली के रूप में बाजार में चलाने के फिराक में था, आरोपी द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा 50 रुपये के नकली नोट भी तैयार किये गये थे, जिसे वह छोटे दुकानदारों को देकर सामान ले लेता था, चूंकि नोट कम मूल्य वर्ग के थे, इसलिये दुकानदार भी ज्यादा चेक नहीं करते थे। आरोपी से जप्त नकली नोट पर थाना विन्ध्यनगर में अपराध धारा 180, 181, 182 बीएनएस के तहत कार्यवाही कर आरोपी से यह जानकारी ली जा रही है कि उक्त मामले में उसके द्वारा कितने रुपये की नोट प्रिंट किये गये और उसे कहां कहां खपाया गया।यूट्यूब पर वीडियो देख बनाया नकली नोटआरोपी चिन्टू उर्फ दिनेश के द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा यूट्यूब में नकली नोट तैयार करने का वीडियो देखा था, उसी वीडियो को लगातार कई बार देखते रहने से आरोपी के दिमाग में नकली नोट तैयार करने का आइडिया मिला और इसी के लिये उसने सबसे पहले रंगीन प्रिंटर खरीदा था।इनकी रही भूमिका उक्त कार्यवाही में विंध्यनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अर्चना द्विवदी, उनि. संदीप नामदेव, शीतला यादव, सुधाकर सिंह चौकी प्रभारी खुटार, सउनि. सुनील दुबे, प्र.आर. पंकज सिंह, हेमराज पटेल, नितिन गौतम, राम निरंजन वैश्य, चौकी खुटार से प्र.आर. राय सिंह, कुलदीप शर्मा, आर. प्रदीप सिंह व गौरव यादव, म. आर. रानू सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विशेष लोक अदालत में कुल 68 वाद निस्तारित

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश रवीन्द्र विक्रम सिंह, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के निर्देशानुसार 12 सितम्बर,2024 को च्मजजल ि्मिदबमे वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में तुच्छ प्रकृति के अपराध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा 24 मामले, सिविल जज, सी0डि0, सोनभद्र द्वारा 02 मामला, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनभद्र द्वारा 07 मामले, सिविल जज, सी0डि0 (एफ0टी0सी0), सोनभद्र द्वारा 05 मामले, न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनभद्र द्वारा 03 मामला, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय घोरावल, द्वारा 02 मामले एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम व द्वितीय, सोनभद्र द्वारा क्रमशः 20 व 05 मामलों का निस्तारण किया गया।

इस प्रकार आज की तिथि में कुल 68 वाद निस्तारित किये गये। 14 सितम्बर, 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों में नोटिस का तामीला सुनिश्चित कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में न्यायालयों में लम्बित मामलों एवं सुलह योग्य प्री–लिटीगेशन स्तर पर मुकदमों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण सभी न्यायालयों द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी श्री शैलेन्द्र यादव, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र द्वारा दी गयी है।

# 25 वीं राज्य वुशु प्रतियोगिता में सिंगरौली के खिलाड़ियों ने जीता 13 पदक

## तीन स्वर्ण पदक, पांच रजत पदक एवं पांच कांस्य पदक पर सिंगरौली का कब्जा

सिंगरौली(सोनभद्र)।(आरएनएस) 25 वीं राज्य सीनियर व सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता में सिंगरौली के खिलाड़ियों ने 13 पदक के साथ अपनी ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज कराई है। विगत दिनों सिवनी में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में सिंगरौली जिले के 9 खिलाड़ियों ने सिंगरौली जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर वर्ग में सिंगरौली की बेटी खुशबू साकेत ने 2 स्वर्ण पदक एवं वंदना प्रजापति ने 1 स्वर्ण पदक वहीं प्रतिभा रानी नायक ने 1 रजक पदक, अर्पिता बिस्वास ने 1कांस्य पदक, अमन सेन ने 1 कांस्य पदक पर कब्जा जमा कर ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है वही सब जूनियर वर्ग में ईशान पटेल ने 2 रजक पदक 1 कांस्य पदक, शौर्य पिपलिया ने 1रजत पदक एवं 2 कांस्य पदक, आर्य ठाकुर ने 1 रजत पदक पर कब्जा जमा कर सिंगरौली जिले का नाम रोशन किया है। विदित हो उपरोक्त प्रतियोगिता वुशु एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एनके त्रिपाठी (आईपीएस) के मार्गदर्शन में एवं सचिव विश्वामित्र अवार्डी भारतीय वुशु दल की कोच सारिका गुप्ता के तकनीकी देखरेख में सिवनी जिले में आयोजित की गई थी जिसमें 41 जिले के 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

उपरोक्त प्रतियोगिता में जिले की प्रतिनिधित्व कर रही टीम के कोच के रूप गणेश सिंह विशाल एवं महिला टीम की कोच नम्रता सिंह रही। उपरोक्त सफलता पर सिंगरौली जिला वुशु एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित राज ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सिंगरौली जिला वुशु एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित राज, ऊर्जांचल स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शक्ति मौर्य, उपाध्यक्ष एस.के. दुबे, मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष जम्मू बेग, पूर्व प्राचार्य डॉ० एके मिश्रा, गोपालजी श्रीवास्तव, शिखा दुबे, जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप कछुवाहा, ब्रह्मदेव चौरसिया, एनटीपीसी विंध्य क्लब के महासचिव वेद प्रकाश, वीवा क्लब के महासचिव सौरव कुमार, अभय द्विवेदी, पूर्व खेल शिक्षक डीके सिंह, कुलदीप वैश्य, इंदू सिंह, मीनू सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में गीत गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सोनभद्र(आरएनएस)। एनटीपीसी विंध्याचल में पुजा समिति द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर कर्मचारी, सहयोगी एवं उनके परिवार हेतु धार्मिक गीतों पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में प्रतिभागियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया एवं अपनीदृअपनी मधुर भक्ति गीतों को प्रस्तुत किया। सभी की मनमोहक प्रस्तुति ने सबको तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया।

श्री शर्मा ने अपने उद्‌बोधन में गीत–गायन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं साथ ही सभी श्रद्धालुओं को सनातन धर्म से जुडने हेतु प्रेरित भी किया। मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अन्य महाप्रबंधकगण, सुहासिनी संघ की सदस्याएँ, पुजा समिति के सभी सदस्य एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहें। सभी श्रद्धालुओं हेतु प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। सभी ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में पुजा समिति द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# बारावफात, विश्वकर्मा पूजा को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग सम्पन्न

म्योरपुर(सोनभद्र)(आरएनएस)। स्थानीय थाना परिसर मे शुक्रवार को थाने के प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बरावफात एव विश्वकर्मा पूजा को लेकर गाँव के संभ्रांत व्यक्तियों एवं ग्राम प्रधानों के साथ एक बैठक आहूत की गयी।

प्रभारी निरीक्षक ने बरावफात का जलूस की जानकारी लिया कस्बा निवासी शराजुद्दीन, फिरोज, जाकिर ने बताया की सभी मुस्लिम भाई मस्जिद पर एकत्रित होंगे उसके बाद जलूस वहा से उठ कर पूरा कस्बा भ्रमण करने के बाद पुनःमस्जिद पर पहुँच समाप्त हो जाएगी। ग्राम प्रधान सुरेंद्र रवानी, जगनरायण ने बताया की विश्वकर्मा पूजा हम लोग अपने घर व दुकान पर ही मनाते है सभी की बातो को सुनने के बाद प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने कहा की अराजकता फैलाने वालों की जगह जेल में होगी अगर कोई व्यक्ति आपसी भाई चारा को बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसे कतई बख्शा नहीं जाएगा ऐसे व्यक्ति को आप लोग भी चिन्हित कर पुलिस को सूचना दे उस पर पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सुरेंद्र चन्द्रवंशी, जगनरायण, फिरोज, महमूद, शराजुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# ब्लैक स्पाट को चिन्हित कर करे निस्तारण, गांव गांव में बनाए जायेंगे सफाई मित्र

## म्योरपुर ब्लाक सभागार में प्रधानों के साथ आयोजित की गई बैठक

लीलासी (सोनभद्र)(आरएनएस)।स्थानीय ब्लॉक सभागार में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह के अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों,पंचायत मित्र,पंचायत सहायको के साथ एडीओ पंचायत अजय सिंह ने बैठक का आयोजन कर जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को लेकर मंत्रणा की गई। खंड विकास अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि गांव स्वच्छ और सुंदर रहे इसके लिए ब्लैक स्पॉटो को चिन्हित कर वहा विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। इसके लिए सभी गावो में सफाई मित्र बनाए जाए जो सफाई में मदद करे ऐसे सफाई मित्रों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जिससे वे अपने आप को गांव के प्रति समर्पित हो। एडीओ पंचायत ने कहा कि जहा जहा ज्यादा कूड़ा करकट हो सफाई वही से शुरू करे बताया कि यह अभियान 14 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्तूबर तक चलेगा।

उन्होंने जल जीवन मिशन, कुपोषण, मुक्त भारत,,शौचालय के प्रयोग,आदि को लेकर कहा कि जब तक आप सब गांव से जुड़ कर ग्रामीणों के साथ अभियान नही चलाएंगे तब तक स्थिति में सुधार नहीं होगा।आह्वान किया कि ग्रामीणों के साथ बैठक और जनसंपर्क कर उन्हे जागरूक करे। मौके पर अरुण उपाध्याय, रामबृक्ष विश्वकर्मा, अरशद अली,ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद,संगीता गणेश जायसवाल,सुरेंद्र कुनार चंद्रवशी,दिनेश,रामदयाल, रामचंद्र, रामनरेश,अशोक,अनामिका देवी, विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रानी रेवती देवी ने प्रांतीय विज्ञान मेला एवं क्षेत्रीय खेलकूद में लहराया परचम

विज्ञान मेले में 5 स्वर्ण 7 रजत एवं 2 कांस्य तथा खेलकूद में 6 स्वर्ण एवं 3 रजत पदक हासिल किया

प्रयागराज। विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय के संयोजन एवं निर्देशन में लालगंज अझारा,प्रतापगढ़ में आयोजित प्रांतीय विज्ञान मेला एवं फतेहपुर में आयोजित क्षेत्रीय बैडमिंटन एवं कबड्डी प्रतियोगिता में 11 स्वर्ण, 9 रजत एवं 2 कांस्य पदक सहित कुल 23 पदक प्राप्त कर विद्यालय के साथ–साथ अपने परिवार का मान बढ़ाया। भैया बहनों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने वंदना सभा में सभी का सम्मान कर शुभकामनाएं प्रदान की।विद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं संगीताचार्य मनोज गुप्ता ने बताया कि प्रांतीय विज्ञान मेले के प्रदर्श के तरुण वर्ग में श्लोक त्रिपाठी एवं अव्यक्त शुक्ला, किशोर वर्ग में नमन वर्मा एवं रागिनी यादव तथा बाल वर्ग में नैतिक तिवारी ने स्वर्ण पदक, आदर्श गिरी, किशोर वर्ग प्रश्न मंच में माही सिंह, अमीषा पटेल, अग्रज रावत तथा किशोर वर्ग पत्र वाचन में अश्विनी यादव एवं किशोर वर्ग प्रदर्श में अभिजीत सिंह एवं धैर्य वर्मा ने रजत पदक तथा तरुण वर्ग प्रदर्श में वैभव यादव एवं धीरज सिंह ने जीव विज्ञान प्रयोग में कांस्य पदक प्राप्त किया।उक्त प्रतियोगिता में विजयी भैया बहनों को स्थान प्राप्त हेतु मार्गदर्शन के लिए शिवनारायण सिंह, लक्ष्मी सिंह, विमल चंद्र दुबे एवं संतोष तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# अंजुमन गुलजार–ए कासिमी ने मनाई ईद–ए–जहरा

## डॉ. मुस्तफा के हाते में सजी महफिल, नौहख्वानों को किया गया पुरस्कृत

प्रयागराज। अंजुमन गुलजार ए कासिमी की जानिब से शुक्रवार ईद–ए–जहरा की खुशी के मौके पर कई मशहूर व मारूफ शायर ए अहलेबैत के कलामों से महफिल सजी। दायरा शाह अजमल स्थित डॉ. मुस्तफा के हाते में हुई महफिल के आगाज में मोहम्मद कुमैल ने कुरआन और हदीस ए किसा पढ़ा। महफिल को मौलाना जाफर हसनैन कुम्मी साहब ने खिताब किया। महफिल में मुख्य रूप जमीर भोपतपुरी, नजीब इलाहाबादी, जावेद रिजवी करारवी, इतरत नकवी, शहंशाह सोनवी शहीर रालवी, हैदर कोरालवी, ईशान कोरालवी, अजहर इलाहाबादी, शुजा अब्बास आकिब रालवी, जीशान, अमन प्रतापगढ़ी आदि ने मदहे अहलेबैत मे अपने अशआर पेश किए। महफिल के बाद अंजुमन गुलजारे कासिमी के नौहख्वानों शादाब जमन, अस्करी अब्बास, जहीर अब्बास, एखलाक रजा, यासिर जैदी, एजाज नकवी, कामरान रिजवी, असद अली, शफक अली को पुरस्कृत किया गया। निजामत दानियाल इलाहाबादी ने किया। कार्यक्रम में शिया धर्मगुरु मौलाना जौहर अब्बास मौलाना सगीर हसन, मौलाना जीशान हैदर, मौलाना अली अब्बास, मौलाना जाबिर अब्बास मौलाना मो. यासिर मौलाना शाहिद रिजवी, मौलाना जावेद ने ईद ए जहरा की फजीलत बयां की और नेक और खुश एखलाखी के रास्ते पर चलने की नसीहत दी।महफिल में आयोजक नासिर जैदी का विशेष योगदान रहा। रजा हसनैन एडवोकेट, शादाब रजा, अली मियां रिजवी, बुतुराब मुस्तफाबादी, अलमताब नकवी, कमर जैदी, जहीर हाशिम जैदी, एजाज मुर्तजा, जैन जैदी, अख्तर मेंहदी, खुशनूद रजा, आसिफ रजा, आसिफ, महमूद जैदी, जफर रिजवी आदि उपस्थित रहे।

# मोदी सीजेआई के घर गए तो राहुल–अखिलेश को तकलीफ– गिरिराज सिंह

## केंद्रीय मंत्री ने कहा– हिंदू एकजुट रहे तो न गोरी आएगा न मुगल

प्रयागराज। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रयागराज में कहा है कि मोदी चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के घर गणेश पूजन में गए तो टुकड़े–टुकड़े गैंग को अच्छा नहीं लगा। ये टोपी पहनने के लिए हामिद के यहां जाएंगे तो अच्छा लगता है। अगर आतंकवादियों के लिए रात में कोर्ट के दरवाजे खुलते हैं, तो केजरीवाल, अखिलेश यादव और राहुल गांधी को अच्छा लगेगा। मगर जज के यहां कोई गणेश पूजन के लिए जाए तो इन्हें तकलीफ होती है। श्री सिंह आज प्रयागराज प्रवास के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने अखिलेश यादव पर हमला बोला। कहावकि उन्हें क्रिमिनल में भी सिर्फ जाति दिखाई पड़ती है। उन्होंने गुंडागर्दी को बढ़ावा दिया। योगी जी को क्रिमिनल में क्रिमिनल ही दिखता है। यही अंतर है योगी और अखिलेश में। योगी ने क्रिमिनल को सबक सिखाया कि या तो घर बैठो या ऊपर जाओ।

गिरिराज सिंह ने कहा कि हिमाचल के हिंदुओं ने एकजुटता दिखाई। इसके बाद वक्फ बोर्ड को झुकना पड़ा। ये संदेश हिमाचल पूरी दुनिया को देता है कि अगर हिंदू एकजुट रहेंगे तो न तो कोई मोहम्मद गौरी आएगा न मुगल। हिमाचल के हिंदुओं की एकजुटता का संदेश पूरे देश में फैलना चाहिए।

उन्होंने अखिलेश के बयान माफिया और मठाधीश में फर्क नहीं होता? पर कहा कि अखिलेश आजकल महंतों को गाली दे रहे हैं। गोरखपुर पीठ को गाली देने का काम किया। अखिलेश जी काठ की हांडी बार–बार नहीं चढ़ती है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि अगर 20 सीटें उनके पास और होतीं, तो वह भाजपाइयों को जेल में डाल देते। यानी ये लोग 1976 का माहौल बनाना चाहते हैं, लेकिन जनता अब दोबारा इस देश में तानाशाह को पनपने नहीं देगी।

# पौधे से अब वटवृक्ष बन चुकी है सरस्वती हिंदी जगत– प्रियंका मिश्र

## सरस्वती अकादमी उद्यम की ओर से हिंदी मेधा पुरस्कार 2024 का आयोजन

प्रयागराज। वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार स्मृति शेष नरेश मिश्रा की स्मृति में सरस्वती हिंदी जगत (सरस्वती अकादमी उद्यम) की ओर से हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज में हिंदी मेधा पुरस्कार २०२४ का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्नातक विधान परिषद सदस्य इलाहाबाद झांसी निर्वाचन क्षेत्र डॉ. मानसिंह यादव एवं विशिष्ट अतिथि आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. स्मिता ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की संयोजक सरस्वती एकेडमी की सी.ई.ओ प्रियंका मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हिंदी वह समृद्ध भाषा है जो हमारे देश में भारतीय संस्कृति को एक सूत्र में समेटे है। उन्होंने अपनी सरस्वती अकादमी का परिचय देते हुए कहा कि सरस्वती हिंदी जगत के माध्यम से वर्ष २०१६ से सिंगापुर के प्राइमरी और सेकेंडरी कक्षाओं के छात्रों को भारत से ही ऑनलाइन हिंदी पढ़ाना शुरू किया और इस छोटे से प्रयास ने सरस्वती अकादमी का रूप धारण कर लिया। जिसके द्वारा वे आज सिंगापुर सहित ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका अथवा यूरोप के कई देशों में बसे भारतीयों के बीच हिंदी का प्रचार प्रसार कर रही हैं। कार्यक्रम का आरंभ भाषण प्रतियोगिता से हुआ जिसमें दो दर्जन से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। भाषण प्रतियोगिता का विषय था, श्क्या आप इस बात से सहमत हैं कि हिंदी अपने देश में अपना अस्तित्व खोती जा रही है परंतु वैश्विक स्तर पर इसको पहचान मिल रही है।श इसमें सिंधु विद्या मंदिर की यशी उपाध्याय ने प्रथम, सेन इंग्लिश बॉटम एग्रीकल्चर इंस्टिट्यूट की भूमिजा पांडे ने द्वितीय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की निशी त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में गायक आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा रसों पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति श्रसो वै सःश की प्रस्तुति की गई। बतौर मुख्य अतिथि एस एल सी डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि हम सबको हिंदी भाषा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।